## खबर संक्षेप



### जीवन भर की कमाई बिल्डर को देने वालों के हितों का संरक्षण सर्वोपरिः योगी

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि अपने घर का सपना लिए जीवन भर की गाढ़ी कमाई किसी बिल्डर को देने वालों का हित उनके लिए सर्वोपरि है, क्योंकि घर खरीदने वालों के इस तबके को दोहरी मार का शिकार होना पड़ता है। रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (रेरा) के अब तक के कार्यों की सराहना करते हुये योगी ने कहा कि रेरा को मजबूत करने और रियल एस्टेट को फिर से संभावनाओं का क्षेत्र बनाने के लिए सरकार शीघ्र ही कुछ और उपायों की भी घोषणा करेगी। तीन लाख घर के खरीदार ऐसे हैं जिन्हें 10 साल से घर नहीं मिल पाया है। एक साल में राज्य सरकार ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे में एक लाख घर खरीदारों को घर दिलाने में सफलता हासिल की है।

### पटना में आज देश का पहला खादी मॉल होगा लांच

**पटना।** देश का पहला मॉडर्न खादी मॉल पटना में बन कर तैयार है। पटना के गांधी मैदान के करीब स्थित मॉल का उद्घाटन 5 नवंबर को बिहार के सीएम नीतीश कुमार करेंगे। पटना में जल जमाव की समस्या की वजह से उद्घाटन पहले नहीं हो सका था। मॉल की ओपनिंग से पहले मॉल का निरीक्षण में आए बिहार के उद्योग मंत्री श्याम रजक ने बताया कि वे बहुत ही आह्लादित हैं कि देश का सबसे बड़े, पहले खादी मॉल का उद्घाटन बिहार के सीएम करेंगे। मॉल में स्त्री, पुरुषों व बच्चों के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। कपड़ा सिलाने की सुविधा दी गई है। इसमें खादी ग्रामोद्योग से जुड़े जितने भी संस्थान हैं उनके द्वारा बने हैंडमेड सामानों को भी जगह दी गई है जिसमें शिल्पकारी और मधुबनी पेंटिंग आदि शामिल हैं।

### एके 47 राइफल से हुए हमले में 3 लोगों की हुई थी मौत


# जवाहर हत्याकांड : करवरिया बंधुओं को आजीवन कारावास

एजेंसी ⏭ प्रयागराज

सपा विधायक जवाहर पंडित की हत्या के मामले में जिला कोर्ट ने पूर्व सांसद कपिल मुनि करवरिया, पूर्व विधायक उदयभान करवरिया, पूर्व विधान पार्षद सूरजभान करवरिया व उनके रिश्तेदार रामचंद्र त्रिपाठी को सोमवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। पीड़िता विजमा यादव के वकील लल्लन यादव ने बताया कि विशेष न्यायालय के अपर जिला जज बद्री विशाल पांडेय ने जवाहर पंडित हत्याकांड में करवरिया बंधुओं को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। चारों दोषियों को भारतीय दंड संहिता की धारा 302/149 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई, एक-एक लाख रुपये जुर्माना लगाया। वहीं धारा 307 के तहत इन्हें 10-10 साल की सजा सुनाई गई, 50-50 हजार रुपये जुर्माना लगाया। कुल मिलाकर हर दोषी पर 1,80,000 रुपये जुर्माना लगाया गया है।

#### उदयभान करवरिया जाएंगे हाईकोर्ट

सजा सुनाए जाने के बाद कोर्ट परिसर में उदयभान करवरिया ने बताया कि मामले में गुण-दोष पर विचार नहीं हुआ। हम गुण-दोष के आधार पर हाईकोर्ट जाएंगे व निचली अदालत के फैसले को चुनौती देंगे।



- हर दोषी पर 1,80,000 रुपये जुर्माना लगाया, मामले में कुल 4 दोषियों को हुई सजा

#### केस की सुनवाई में अभियोजन पक्ष के 18 गवाह हुए पेश

यादव के मुताबिक, मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 18 गवाह पेश हुए, जिसमें जवाहर पंडित के साले रामलोचन व घटना के चश्मदीद गवाह राजेंद्र कुमार शामिल हैं। जवाहर पंडित के भाई सुलाकी यादव मामले में प्रमुख गवाह थे, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। 13 अगस्त 1996 को घटना में सपा विधायक जवाहर पंडित के साथ ही उनके ड्राइवर गुलाब व कमल कुमार दीक्षित नाम के राहगीर की मौत हो गई थी। प्रयागराज के सिविल लाइंस स्थित काफी हाउस के पास जवाहर पंडित पर एके 47 राइफल से हमला किया गया था। जिला कोर्ट ने 31 अक्तूबर को करवरिया बंधुओं व उनके रिश्तेदार रामचंद्र त्रिपाठी को दोषी करार दिया था।

# पीएफ घोटालाः ईओडब्ल्यू की टीम ने शक्ति भवन में की छानबीन

एजेंसी ⏭ लखनऊ

यूपी में बिजली कर्मचारियों की भविष्य निधि (पीएफ) घोटाले की जांच पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्लू) ने अपने हाथ में ले ली है। ईओडब्लू की टीम ने सोमवार को पॉवर कार्पोरेशन मुख्यालय यानी शक्ति भवन में छानबीन की। इससे पहले ईओडब्लू की टीम ने रविवार को लखनऊ के शक्ति भवन में भविष्य निधि ट्रस्ट के कार्यालय के कमरे को सील किया था। मामले में शनिवार को गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। इससे पहले विपक्ष के निशाने पर आए यूपी के ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने रविवार को कहा था कि मामले में जो लोग जिम्मेदार हैं उन पर एफआईआर दर्ज करा दी गई है। हम भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रहे हैं। गौरतलब है कि यूपी सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) घोटाले में प्राथमिकी दर्ज कर दो वरिष्ठ अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया। राज्य सरकार ने मामले को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का भी निर्णय लिया है। शनिवार शाम गिरफ्तार किए गए दोनों अधिकारी ईपीएफ की धनराशि को निजी कंपनी दीवान हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड (डीएचएफएल) में फंसाने के आरोपी हैं। कंपनी का संबंध माफिया डान दाऊद इब्राहिम के सहयोगी मृत इकबाल मिर्ची से है।



- शक्ति भवन में भविष्य निधि ट्रस्ट का ऑफिस रूम सील
- मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपी जेल भेजे गए

#### ऊर्जा मंत्री की मिलीभगत के बगैर संभव नहीं 2600 करोड़ रुपये का घोटालाः कांग्रेस

**लखनऊ।** यूपी के बिजलीकर्मियों की भविष्य निधि के निवेश में हुए अरबों रुपये के कथित घोटाले के विरोध में कांग्रेस ने सोमवार को राजधानी लखनऊ में धरना प्रदर्शन किया। यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के निर्देश पर सचिव रमेश शुक्ला की अगुवाई में पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया व ऊर्जा मंत्री श्रीकान्त शर्मा की बर्खास्तगी की मांग की। शुक्ला ने कहा कि 2600 करोड़ रुपये का घोटाला ऊर्जा मंत्री की मिलीभगत के बगैर संभव नहीं है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पहले तो ऊर्जा मंत्री को बचाने का भरसक प्रयास किया लेकिन कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी द्वारा मामले को प्रमुखता से उठाये जाने, पार्टी द्वारा प्रभावित कर्मचारियों के हक में लड़ने का इरादा देखकर मामले में लीपापोती का प्रयास किया गया है। 'कांग्रेस इस महाघोटाले में संलिप्त ऊर्जा मंत्री श्रीकान्त शर्मा की बर्खास्तगी एवं आपराधिक मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किये जाने की मांग करती है अन्यथा पूरे प्रदेश के कांग्रेस कार्यकर्ता आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए विवश होंगे।'

#### माफी मांगें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, वरना मामला दर्ज कराएंगेः श्रीकांत शर्मा



यूपी के ऊर्जा मंत्री श्रीकान्त शर्मा ने बिजलीकर्मियों की भविष्य निधि में हुए कथित घोटाला मामले में उनपर गंभीर आरोप लगाने वाले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार 'लल्लू' से सोमवार को माफी की मांग की। शर्मा ने कहा ऐसा नहीं होने पर वह प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर कराएंगे। यूपी कांग्रेस अध्यक्ष लल्लू द्वारा उनके ऊपर लगाए गए निजी आरोप मनगढ़ंत, तथ्यों से परे व शर्मनाक हैं। इन निंदा योग्य आरोपों पर अविलंब माफी मांगनी चाहिए, नहीं तो वह आपराधिक मानहानि का मुकदमा झेलने के लिए तैयार रहें। लल्लू ने मीडिया की सुर्खियों में बने रहने के लिए निजी आरोप लगाये हैं। वह कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की तरह बर्ताव कर रहे हैं, जिन्होंने कई नेताओं पर झूठे आरोप लगाए और आज अदालतों के चक्कर लगा रहे हैं।

#### बिजली मंत्री, बड़े अफसरों को बर्खास्त कर जेल में डालेंः सपा



यूपी विधानसभा में सपा के नेता राम गोविंद चौधरी ने बिजलीकर्मियों की भविष्य निधि में हुए कथित घोटाला मामले में ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा व विभाग के प्रमुख सचिव को बर्खास्त कर जेल भेजने, घोटाले की हाईकोर्ट के किसी न्यायाधीश से जांच कराने की मांग की है। बिजलीकर्मियों की भविष्य निधि के 2600 करोड़ रुपये का निजी संस्था डीएचएफएल में निवेश करना सीधे तौर पर लूट है। इतनी बड़ी लूट ऊर्जा मंत्री, पावर कार्पोरेशन के चेयरमैन व ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव की जानकारी के बगैर हो ही नहीं सकती। सीएम योगी आदित्यनाथ से मांग की कि तीनों को तत्काल बर्खास्त करके जेल में डाला जाए।

## न्योता न मिला तो बहन ने कराई भाई की हत्या

एजेंसी ⏭ नालंदा (बिहार)

- रेखा के पति समेत पांच लोगों ने पीट-पीटकर जतिन को किया जख्मी, इलाज के दौरान मौत

जिले के नूरसराय के महादेव विगहा से बड़ी खबर आ रही है। यहां छठ पूजा में भाई के द्वारा अपनी बहन को निमंत्रण नहीं देना भाई को महंगा पड़ गया। छठ पूजा के एक दिन बाद ही अहले सुबह अपनी ही बहन रेखा देवी ने भाई के द्वारा छठ पूजा में नहीं बुलाने पर पीट-पीट कर हत्या कर मौत के घाट उतार दिया गया।

जानकारी के मुताबिक, भाई जितन चौधरी के घर हर साल की तरह इस साल भी छठ पूजा का आयोजन किया गया था।

इसमें आसपास के लोगों को छठ पूजा में शामिल होने के लिए निमंत्रण भेजा गया था पर पूर्व से चले आ रहे विवाद के कारण जितन चौधरी ने बहन रेखा देवी को इस साल छठ पूजा में नहीं बुलाया। यह बात बहन रेखा देवी को रास नहीं आई, छठ पूजा के एक दिन बाद ही जब जितन चौधरी अपने घर के बाहर भैंस बांध रहा था।

इसी दौरान रेखा देवी पति बूटन चौधरी समेत पांच लोगों ने मिलकर अपने भाई के ऊपर लाठी-डंडे व ब्लेड से हमला कर दिया। इससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया व इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### भूमि विवाद के चलते घर में घुसकर युवक की हत्या

**गुमला (झारखंड)।** रायडीह थाना क्षेत्र के कापोडीह गांव में रविवार की रात्रि करीब नौ बजे मुक्ति खलखो (26 वर्ष) की अज्ञात अपराधियों ने हत्या कर दी। टांगी से बुरी तरह काटा गया है परिजनों ने भूमि विवाद में हत्या होने की आशंका जताई है।

रायडीह पुलिस को हत्या की सूचना सोमवार की सुबह मिली। इसके बाद थाना प्रभारी रविंद्र शर्मा पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे, शव को कब्जे में लिया।

## राशिफल 05 नवंबर 2019



डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष** : सेहत को लेकर सतर्क रहेंगे। आर्थिक रुप से मजबूती के लिए फिजूल खर्चों को कम करें। नौकरी की तलाश के लिए दिन अच्छा है। छुट्टियों पर जाने का प्लान बना सकते हैं। **शुभ अंकः** 5, **रंग** : सफेद।

**वृषः** खानपान के शौकीन लोग सेहत को लेकर सतर्क रहें। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों के दिन लाभदायक साबित होगा। कार्यक्षेत्र पर चीजों को नियंत्रित करने की कोशिश करें। **शुभ अंकः** 17, **रंगः** बोटल ग्रीन।

**मिथुनः** बीमारी में घरेलू उपचार आपके काफी काम आएगा। धन लाभ के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र पर अधूरे कामों को पूरा करने की कोशिश करेंगे। लंबी यात्रा पर जाने से बचें। **शुभ अंक** : 8, **रंगः** क्रीम।

**कर्कः** सेहतमंद रहने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। धन संबंधित परेशानियां दूर होंगी। करियर के लिए दिन अच्छा है। दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। **शुभ अंकः** 9, **रंगः** रोजी ब्राउन।

**सिंहः** सेहतमंद रहने के लिए जिम ज्वाइन कर सकत हैं। धन संबंधित परेशानियां हो सकती हैं। कार्यक्षेत्र पर जरूरी कागजात खो जाने के कारण समस्या हो सकती है। **शुभ अंकः** 1, **रंगः** हल्का लाल।

**कन्याः** नींद ना आने की समस्या से बचने के लिए घरेलू उपाय अपनाएं। फिजूल खर्चों को कम करने की कोशिश करेंगे। दुकानदारों के लिए दिन लाभदायक साबित होगा। **शुभ अंकः** 6, **रंगः** क्रीमसन।

**तुलाः** बचपन का कोई दोस्त योग और व्यायाम के लिए प्रोत्साहित करेगा। शेयर मार्केट में पैसा लगाने से बचें। दूसरों के सामने अपनी योजनाओं के बारे में ना बताएं। **शुभ अंकः** 11, **रंग** : नारंगी।

**वृश्चिकः** किसी बीमारी में घरेलू उपचार काफी काम आएगा। धन कमाने के नए साधन खुलेंगे। कार्यक्षेत्र पर सभी आपके काम की तारीफ करेंगे। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा। **शुभ अंकः** 18, **रंग** : कॉफी।

**धनुः** वजन नियंत्रित करने के लिए नियमित व्यायाम करें। सावधानीपूर्वक लोन चुकाने की योजना बनाएं। सरकारी नौकरी से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। **शुभ अंक** : 7, **रंगः** गुलाबी।

**मकरः** वजन नियंत्रित करने के लिए अपनी इच्छा शक्ति को मजबूत करें। धन संबंधित मामले में भाग्य का साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र पर किसी को सलाह देने से पहले अच्छे से सोच लें। **शुभ अंक** : 18, **रंगः** पीच।

**कुंभ** : सेहत को लेकर नियमित व्यायाम करें। आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए फिजूल खर्च कम करें। कार्यक्षेत्र पर अपने काम से सीनियर्स को प्रभावित करने में कामियाब होंगे। **शुभ अंक** : 3, **रंगः** मरुन।

**मीनः** मानसिक परेशानियों से मुक्ति मिलेगी। धन संबंधित परेशानियां दूर होंगी। व्यवसाय के लिए दिन अच्छा है। परिवार के साथ किसी बात को लेकर मतभेद हो सकते हैं। **शुभ अंक** : 15, **रंग** : आसमानी।

### : टिप्स :

1. घर की सीढी वाला हिस्सा रौशनी से भरपुर हो। इससे घर में ची का प्रवेश होता है। सीढी घर को बांटने वाला हिस्सा होता है, इसे रौशन रख कर आप इन कमियों को दूर कर सकते हैं।
2. अपने घर के मुख्य दरवाजे पर पीतल का बना हुआ नंबर लगाएं। आपके घर में ची का प्रवाह मुख्य द्वार से ही होगा। इसलिए ची को पहले दरवाजे से घर में प्रवेश दें।



टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

### अयोध्या मसले पर है पूरी तैयारी

## 'माहौल बिगाड़ा तो एनएसए के तहत होगी कार्रवाई'

**हरदोई।** राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद मामले में 17 नंवबर से पहले फैसला आ सकता है। फैसले के वक्त कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा इंतजाम किए जा रहे हैं।



इसी बीच यूपी के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह ने कहा कि शरारती तत्वों से निपटने के लिए राज्य पुलिस पूरी तरह से तैयार है, जरूरत पड़ी तो उन लोगों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्रवाई की जाएगी जो माहौल बिगाड़ने की कोशिश करेंगे। हमारा इंटेलीजेंस पूरी तरह सक्रिय है। हमने सभी पुलिस अधीक्षकों, डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया है कि समुदाय से जनता से संपर्क बनाए रखें।

# ससुर, बेटे को गोली मार कर युवक ने की सुसाइड

एजेंसी ⏭ सहारनपुर

### तीन वर्ष पहले साले पर भी किया था हमला, बेल पर था सचिन

यूपी के सहारनपुर जिले में सोमवार को युवक ने आठ वर्षीय बेटे और अपने ससुर की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने खुद को गोली मार ली। अस्पताल में उपचार के दौरान युवक की भी मौत हो गई।

युवक का पत्नी से विवाद चल रहा था। सहारनपुर के एसएसपी दिनेश कुमार ने बताया कि थाना नकुड के ग्राम जानखेडा निवासी परशुराम की बेटी मोनिका की शादी ग्राम जैदपुरा निवासी सचिन से हुई थी। पति-पत्नी के बीच तनाव था, इस वजह से महिला बेटे को लेकर मायके चली गई थी। सोमवार सुबह छह बजे सचिन अपने ससुराल पहुंचा जहां उसने अपने ससुर परशुराम को तमंचे से गोली मार दी। इसी बीच सचिन का बेटा सामने आ गया तो सचिन ने उसे भी गोली मार दी। इसके बाद सचिन ने खुद को गोली मारी।

पुलिस तीनों को अस्पताल ले गई जहां चिकित्सकों ने सचिन के ससुर, पुत्र को मृत घोषित कर दिया व उपचार के दौरान सचिन ने भी दम तोड़ दिया।

> एसएसपी ने बताया कि तीन वर्ष पहले सचिन ने अपने साले पर भी जानलेवा हमला किया था। जिससे उसे जेल भी हुई थी और इन दिनों वह जमानत पर बाहर आया हुआ था।



- पति से तनाव के बीच पत्नी बेटे को लेकर चली गई थी मायके

# झारखंड में विपक्षी गठजोड़ को झटका, मरांडी ने अकेले चुनाव लड़ने का किया ऐलान

एजेंसी ⏭ रांची

झारखंड में विधानसभा चुनाव का ऐलान होने के बाद झारखंड विकास मोर्चा ने भाजपा को निशाने पर लिया है। झारखंड विकास मोर्चा (जेवीएम) के प्रमुख बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि चुनाव के पहले ही बीजेपी डरी, सहमी हुई है। साथ ही मरांडी ने कहा कि उनकी पार्टी विपक्षी दलों के महागठबंधन में शमिल नहीं होगी व अकेले चुनाव लड़ेगी। हालांकि, चुनाव बाद के गठबंधन के सवाल पर उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। लोकसभा चुनाव के दौरान मैंने प्रयास किया कि गठबंधन बना रहे पर सभी पार्टियों की सीटों को लेकर अपनी-अपनी समस्याएं हैं। यह छोटा राज्य है, कम सीटें हैं व दावेदार अधिक हैं। ऐसे में गठबंधन संभव होता नहीं दिख रहा था। इसके बाद हमने 'एकला चलो रे' की राह को अपनाते हुए अकेले ही लड़ने का फैसला किया।



#### भाजपा पर भी साधा निशाना

कभी बीजेपी के वरिष्ठ नेता रहे मरांडी ने कहा कि अगर पीएम नरेंद्र मोदी, झारखंड के सीएम रघुवर दास की इतनी ही लोकप्रियता है तो अपनी पार्टी के कार्यकर्ता को टिकट देकर चुनाव जिताते, दूसरी पार्टी के विधायकों को तोड़ने की क्या जरूरत थी। बीजेपी जितने भी विधायकों को अपने पाले में लाई है, उन्होंने विस से इस्तीफा तक नहीं दिया है, जो कानून के खिलाफ है।

### एएमयू ने दी अफवाहों से सतर्क रहने की सलाह

**अलीगढ़।** अयोध्या मामले में निकट भविष्य में उच्चतम न्यायालय का फैसला आने की सम्भावनाओं के बीच अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) प्रशासन ने समाज के विभिन्न वर्गों को सलाह दी है कि वे सोशल मीडिया पर फैलायी जाने वाली अफवाहों और झूठी खबरों से होशियार रहें।

एएमयू के कुलपति प्रोफेसर तारिक मंसूर ने सोमवार को समाज के विभिन्न वर्गों को लिखे एक 'खुले पत्र' में आग्रह किया कि वे सोशल मीडिया के जरिये उड़ायी जाने वाली अफवाहों और झूठी खबरों से सावधान रहें।

### ऑनलाइन फ्रॉड करने वाले गिरोह पर हुई कार्रवाई

## सरगनाओं संग राजद पिछड़ा प्रकोष्ठ का पूर्व प्रवक्ता लखनऊ में दबोचा

- नौकरी के नाम पर आस्ट्रेलिया, दुबई के लोग भी ठगे

एजेंसी ⏭ गोपालगंज

नौकरी का झांसा देकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन फ्रॉड करने वाले गैंग के दो सरगनाओं के साथ राजद पिछड़ा प्रकोष्ठ के पूर्व प्रवक्ता प्रदीप देव को यूपी के एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। आरोपित क्रिस्टो करेंसी, बिट क्वाइन के जरिये विदेशों में ठगी के रुपये भेजते थे। आरोपितों के पास से अलग-अलग बैंकों के 16 एटीएम कार्ड बरामद किये गये हैं। एसटीएफ ने लखनऊ के कमता तिराहे से तीनों को घेराबंदी कर दबोच लिया। यूपी एसटीएफ की टीम बिहार व यूपी में फैले गैंग के सदस्यों की कुंडली तैयार करने में जुटी है। गैंग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैला है। एएसपी एसटीएफ सत्यसेन यादव की मानें तो गिरोह के लोग विभिन्न बैंकों में फर्जी खाते खुलवाते हैं। इन्हीं खातों में नौकरी के नाम पर लोगों से मोटी रकम जमा कराई जाती है। फर्जी खाता खुलवाने वाले व्यक्ति को भी 12 प्रतिशत कमीशन दिया जाता है। पड़ताल में अधिकतर स्कैमर का लोकेशन कैमरून, दुबई, यूरोप व यूएसए समेत अन्य देशों में मिला है। ठगों ने आस्ट्रेलिया, दुबई व यूरोप के अन्य देशों के नागरिकों से भी ठगी की है।



#### पटना से चलाते थे नेटवर्क

पकड़े गये आरोपितों में नगर थाने के मानिकपुर गांव के श्रीराम साह का पुत्र प्रदीप देव वर्तमान में वृंदावन गार्डेन, आशियाना दीघा रोड पटना में रहता था, जबकि गैंग का सरगना सारण जिले के मढ़ौरा गांव के नेथुवा के रहने वाले सिया शरण सिंह के पुत्र राकेश कुमार सिंह उर्फ पिंटू, जो मकान नंबर सी-475 शांति वाटिका मजिस्ट्रेट कॉलोनी, आशियाना पटना में रहकर गैंग को चला रहा था। तीसरा गोपालगंज जिले के हथुआ थाने के रूपनचक के अमर चौधरी का पुत्र बिट्टू यादव है। पुलिस ने इनके पास से 21 हजार तीन सौ रुपये भी बरामद किये हैं।

#### बनाए थे फर्जी जॉब पोर्टल

एसएसपी एसटीएफ राजीव नारायण मिश्र के मुताबिक, सोशल मीडिया पर विदेशों में नौकरी का विज्ञापन देकर लोगों से ठगी की जानकारी मिली थी। आरोपित विभिन्न बैंकों में खाते खोलकर लोगों से रुपये जमा करवाते थे। इसके लिए ठगों ने फर्जी जॉब पोर्टल बनाये थे। बेरोजगारों से रुपये लेने के बाद उसे बिट क्वाइन के रूप में एजेंट के माध्यम से रुपये भिजवाते थे।

### यूपी में भी ऑड-ईवन लागू करने की तैयारीः दारा सिंह

# आगराः धुंध से 'हेल्थ इमरजेंसी' जैसे हालात

आगरा

स्मॉग (धुंध) से 'हेल्थ इमरजेंसी' जैसे हालात हो गए हैं। अस्थमा और क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) के मरीजों से सुबह और शाम को घर से बाहर निकलने से मना किया जा रहा है। सांस संबंधी बीमारी से पीड़ित बच्चे और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा खतरा है। दीपावली के बाद से वातावरण में जहरीली गैस, अति सूक्ष्म कण पर्टिकुलेट मैटर (पीएम 2.5) का स्तर लगातार बढ़ रहा है। पीएम 2.5 रविवार शाम को अधिकतम 368 तक पहुंच गए थे। ये सूक्ष्म कण सांस लेने पर फेफड़ों तक पहुंच रहे हैं। इससे सांस की नलिकाओं में सूजन हो रही है। ऐसे में अस्थमा, सीओपीडी के मरीजों की सांस की नलिकाओं में सूक्ष्म कण के पहुंचने से सूजन बढ़ रही है। इससे सांस उखड़ने के बाद अटैक पड़ रहा है। एसएन में अस्थमा अटैक पड़ने पर दोपहर में मरीज को भर्ती किया गया, उसे ऑक्सीजन पर रखा गया है। शाम को अटैक के तीन और मरीज भर्ती किए गए।



#### अन्य उपाय विफल रहे तो बनाएंगे योजना

**लखनऊ।** प्रदूषण का स्तर दिल्ली के साथ यूपी के कई शहरों में भी बढ़ने लगा है। खतरनाक होते प्रदूषण के स्तर पर लगाम लगाने के लिए दिल्ली में सोमवार से ऑड-ईवन नियम लागू कर दिया गया। इस बीच यूपी के पर्यावरण मंत्री दारा सिंह चौहान ने भी राज्य के कुछ शहरों में यह नियम लागू करने की बात कही है। जिन जिलों में वायु प्रदूषण खराब हो रहा है वहां भी ऑड-ईवन नियम लागू करना चाहिए। हम इसके बारे में सोच सकते हैं।

## खबर संक्षेप




### मुम्बई-पुणे राजमार्ग पर सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत, 40 घायल

**मुम्बई।** महाराष्ट्र के पुराने मुम्बई-पुणे राजमार्ग पर सोमवार की सुबह एक निजी बस के खाई में गिर जाने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और अन्य 40 लोग घायल हो गए। खोपोली पुलिस थाने के निरीक्षक धनजी क्षीरसागर ने बताया कि हादसा सुबह पांच बजे अमृतगंज पुल सुरंग के पास हुआ। सतारा जिले के खराद से मुम्बई जा रही बस में 47 लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि बस चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे वह 30 से 40 फुट गहरी खाई में जा गिरी। क्षीरसागर ने बताया हादसे में कम से कम पांच लोगों की जान चली और चालक सहित 40 अन्य लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि ये लोग खराद से दिवाली की छुट्टियां मना लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। घायलों का रायगढ़ जिले के खोपोली में खालापुर स्थित अस्पतालों में इलाज जारी है।

### दुमका में भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद

**दुमका।** झारखंड के दुमका जिले में एक निर्माणाधीन मकान से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक वाईएस रमेश ने यहां बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर, दुमका के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी पूज्य प्रकाश के नेतृत्व में एक पुलिस टीम ने रविवार को शिकारीपुरा पुलिस स्टेशन क्षेत्र के सहरपुर गांव में निर्माणाधीन मकान की तलाशी ली और 100 किलो अमोनियम नाइट्रेट और जिलेटिन की 795 छड़ें बरामद की। एसपी ने बताया कि दो व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई और आरोपियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया गया है।

### आरटीसी अधिकारियों को उम्मीद, बड़ी संख्या में कर्मचारी आज लौटेंगे काम पर

**हैदराबाद।** तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम (टीएसआरटीसी) के अधिकारियों ने उम्मीद जतायी है कि मंगलवार को बड़ी संख्या में हड़ताली कर्मचारी काम पर लौट आएंगे क्योंकि राज्य सरकार ने काम पर लौटने की समय सीमा पांच नवंबर तय की है। आरटीसी के सूत्रों के मुताबिक, रविवार को बहुत कम कर्मचारी काम पर लौटे। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने शनिवार को कहा था कि राज्य मंत्रिमंडल ने निजी ऑपरेटरों को 10,400 रूटों में से 5,100 आवंटित करने का फैसला किया है और चेतावनी दी है कि हड़ताली कर्मचारी अगर 5 नवंबर की मध्यरात्रि तक काम पर नहीं लौटते हैं, तो निजी ऑपरेटरों को अन्य मार्ग भी दे दिए जाएंगे।

### तेलंगाना के वकील अदालतों से अनुपस्थित रहे



**हैदराबाद।** उच्च न्यायालय समेत तेलंगाना की विभिन्न अदालतों के वकीलों ने दिल्ली में पुलिसकर्मियों के उनके सहयोगियों पर किये गये कथित हमले के विरोध में सोमवार को न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किया। तेलंगाना उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के टी सूर्या करन रेड्डी ने बताया कि उच्च न्यायालय और दीवानी तथा फौजदारी अदालतों में उनके सदस्य दिल्ली के वकीलों के प्रति अपना समर्थन जताते हुए न्यायिक कार्यों से दूर रहे और हमने उच्च न्यायालय के द्वार पर एक रैली भी की। राज्य के विभिन्न हिस्सों से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार कई वकील अदालती कामकाज से अनुपस्थित रहे। अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शनिवार की अपराह्न नई दिल्ली में तीस हजारी अदालत परिसर में वकीलों और पुलिस के बीच हुए संघर्ष में 20 पुलिसकर्मी और कई वकील घायल हो गये थे ।

## शरद पवार ने की सोनिया गांधी से मुलाकात

# महाराष्ट्र में शिवसेना-राकांपा गठबंधन में सरकार बनी तो कांग्रेस दे सकती है बाहर से समर्थन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



कांग्रेस पार्टी के नेताओं में महाराष्ट्र में सरकार बनाने की कोई जल्दबाजी नहीं। शिवसेना-राकांपा के साथ सूबे में सरकार बनाने का मौका भी मिला तो अभी तक हुए निर्णय के अनुसार कांग्रेस पार्टी का समर्थन बाहर से ही होगा। अलबत्ता, राकांपा सुप्रीमो शरद पवार जब सोनिया गांधी से मिलने दस जनपथ पहुंचे तो उन्हें खुद सोनिया गांधी ने महाराष्ट्र के मामले में कांग्रेस की तरफ से भी बात करने को फ्री-हैंड दिया। साथ में ताकीद कर दिया कि सरकार बनाने की स्थिति में कांग्रेस का पूरा समर्थन उन्हें रहेगा लेकिन समर्थन का स्वरूप क्या होगा, वो दोबारा साथ बैठकर तय कर लिया जाएगा। शरद पवार ने सोनिया गांधी से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में वो सब बातें कहीं जो पहले से ही सार्वजनिक हैं, मगर वो सारी बातें छिपा के रखीं जिसके लिये वे वाकई सोनिया गांधी से मिलने दिल्ली आए थे। शरद पवार ने बड़ी शालीनता से कहा, सोनिया को महाराष्ट्र की मौजूदा जमीनी हकीकत से वाकिफ करा दिया है। फिर से मिलने का भी तय हुआ है। गोया कि शरद पवार अपनी राकांपा के सुप्रीमो नहीं, बल्कि पुराने कांग्रेसी सा बर्ताव करते नजर आए। यही सोनिया गांधी की कोर-टीम चाहती थी। सोनिया गांधी का इकबाल विपक्ष के सभी छोटे-बड़े दलों के बीच फिर से कायम हो, इसका शीर्षासन सोमवार को पूरे दिन चला। एक तरफ विपक्षी दलों में सबसे वरिष्ठ नेता मराठा क्षत्रप शरद पवार ने सोनिया गांधी से मुलाकात के बाद उन्हें विपक्षी दलों के नेता के रूप में पुनः स्थापित किया, वहीं कांस्टीट्यूशन-क्लब में कांग्रेस के नेतृत्व में 13 विपक्षी दलों के नेताओं का जमावड़ा कर केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ रणनीति बनाने की शुरूआत की। सोनिया गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष पद पर दोबारा ताजपोशी के बाद अन्य विपक्षी दलों के बीच सम्मान के साथ उनकी स्वीकारोक्ति के बीच विपक्षी गोलबंदी की बड़ी तैयारी है। नवंबर से शुरू हो रहे संसद सत्र में इस गोलबंदी का असर दिखेगा। सोनिया गांधी और शरद पवार के बीच मुलाकात की बागडोर उनके पुराने विश्वस्त अहमद पटेल ने संभाल रखी थी जब कि महंगाई, बेरोजगारी, देश की आर्थिक दशा सहित अन्य मसलों पर मोदी सरकार को घेरने के लिये बुलाई गई कांस्टीट्यूशन क्लब के विपक्षी दलों की बैठक का नेतृत्व राज्यसभा में विपक्षी दल के नेता गुलामनबी आजाद के हाथों में थी। यानि राहुल गांधी की कांग्रेस अध्यक्ष पद से विदाई के बाद सोनिया गांधी और टीम-सोनिया ने कांग्रेस की कमान पहले की तरह पुरजोर तरीके से संभाल ली है।

### किसानों को किसी भी कीमत पर बचाने की जरूरत है : शिवसेना

**मुम्बई।** शिवसेना ने सोमवार को कहा कि महाराष्ट्र में सरकार गठन को लेकर जारी खींचतान के बीच बारिश प्रभावित किसानों को दरकिनार नहीं किया जाना चाहिए । साथ ही पार्टी ने किसानों को लगभग 30,000 करोड़ रुपये का राहत पैकेज प्रदान किए जाने की मांग की। शिवसेना ने अपने मुखपत्र 'सामना' के संपादकीय में कहा कि किसानों को किसी भी कीमत पर बचाए जाने की जरूरत है। साथ ही उसने बेमौसम बारिश के कारण नष्ट हुई फसलों के लिए राज्य सरकार द्वारा घोषित 10,000 करोड़ रुपए की सहायता को अपर्याप्त बताया। उसने कहा कि देश पहले ही आर्थिक नरमी का सामना कर रहा है जिसके परिणामस्वरूप लाखों लोग बेरोजगार हुए हैं और ऐसे समय में जो खेती पर निर्भर हैं वे बेमौसम बारिश की मार झेल रहे हैं।

### कश्मीर से 138 मजदूर कोलकाता लौटे



**कोलकाता।** जम्मू कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में काम कर रहे कुल 138 श्रमिक जम्मू तवी एक्सप्रेस से सोमवार को शहर में पहुंच गए। एक अधिकारी ने बताया कि इनमें से पांच असम के हैं। कोलकाता के महापौर एवं मंत्री फरहाद हकीम ने कोलकाता रेलवे स्टेशन पर मजदूरों का स्वागत किया। अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार ने श्रमिकों के लिए एक विशेष बोगी का इंतजाम किया था। इन श्रमिकों ने 29 अक्टूबर को कश्मीर में मजदूरों की नृशंस हत्या के बाद लौटने की इच्छा जतायी थी। उन्होंने बताया कि श्रमिकों को उनके गृह नगर ले जाने के लिए राज्य परिवहन की पांच बसों को काम में लगाया गया है। ज्यादातर मजदूर बीरभूम, जलपाईगुड़ी और दक्षिण दिनाजपुर जिलों के निवासी हैं।


**सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड**
CIN : L17112UP1993PLC022479
पंजी. कार्यालय : प्लाट नं. 163, उद्योग विहार, ग्रैटर नोएडा-201308, जिला गौतमबुद्ध नगर, यू.पी.
Website : www.samtexfashions.com

**सूचना**

सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं डिस्क्लोजर आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 47 के साथ पठित नियमन 29 के तहत एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अन्य बातों के अलावा 30.09.2019 को समाप्त तिमाही हेतु कम्पनी के स्टैंडअलोन एवं समेकित अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार करने और अनुमोदन करने के लिये कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक बृहस्पतिवार, 14 नवम्बर, 2019 को अप. 4.00 बजे कॉर्पोरेट कार्यालय में नई दिल्ली में आयोजित की जानी निर्धारित है।

कृते सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड
हस्ता/-
अतुल मित्तल
सीएमडी एवं अनुपालन अधिकारी
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 04.11.2019



**एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड**
CIN : L74210DL1987PLC029979
पंजी. कार्यालय : 1400, मोदी टावर 98, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019
Email : sbecsystems@rediffmail.com
Website: www.sbecsystems.com

**सूचना**

सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा अपेक्षाएं) नियमनों, 2015 के नियमन 47 के साथ पठित नियमन 29 के तहत एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अन्य बातों के अलावा 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु कम्पनी के अअंकेक्षित स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों पर विचार और अनुमोदन करने के लिये कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक बृहस्पतिवार, 14 नवम्बर 2019 को आयोजित की जाएगी।

इस सूचना में निहित जानकारी कम्पनी की वेबसाइट अर्थात (www.sbecsystems.com) और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट अर्थात (www.bseindia.com) पर भी उपलब्ध है।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड
हस्ता/-
प्रियंका नेगी
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 04.11.2019


### हैदराबाद में दर्दनाक वारदात

## महिला तहसीलदार को कार्यालय में जिंदा जलाया,मौत



**हैदराबाद।** तेलंगाना में सोमवार को एक जघन्य घटना के तहत अब्दुल्लापुरमेट में एक महिला तहसीलदार को संदिग्ध भूमि विवाद के चलते उनके कार्यालय में दिनदहाड़े कथित रूप से एक व्यक्ति ने जिंदा जला दिया। पुलिस और राजस्व अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राजस्व विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया विजया रेड्डी (30) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उन्हें बचाने की कोशिश में कार्यालय के दो अन्य कर्मचारी झुलस गए। साथ ही उन्होंने बताया कि हमलावर भी जल गया है। घटना दोपहर करीब ढेड़ बजे हुई, जब विजया अपने कमरे में अकेली थीं। सुरेश नाम के एक स्थानीय व्यक्ति ने कथित रूप से वहां प्रवेश किया और उनके ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। अधिकारी ने बताया कि शुरुआती जानकारी के मुताबिक उसका कोई भूमि विवाद था। राचकोंडा के पुलिस आयुक्त महेश एम भागवत ने संवाददाताओं को बताया कि सभी तीन घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया किसी सरकारी कार्यालय में ऐसी घटना पहली बार हुई है। जिस व्यक्ति ने इस वारदात को अंजाम दिया वह भी जल गया है और अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। वह हमारी हिरासत में है। वह करीब 50-60 प्रतिशत जल गया है। शुरुआती जांच के आधार पर उन्होंने बताया ऐसा लगता है कि किसी जमीन विवाद के चलते हमला हुआ है।

## डिफेंस एक्सपो में बढ़चढ़कर भागीदारी करें दुनिया के देशः राजनाथ

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दुनिया के तमाम देशों से डिफेंस एक्सपो 2020 में बड़े पैमाने पर भागीदारी करने की अपील की है। यहां सोमवार को मंत्रालय की ओर से आयोजित 'एंबेस्डर्स राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस ऑन डिफेंस एक्सपो 2020' की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि भारत हर दो साल बाद डिफेंस एक्सपो का आयोजन करता है। इस बार इसका 11वां एडीशन उत्तर-प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 5 से 8 फरवरी 2020 के बीच आयोजित किया जा रहा है। मंत्रालय सभी विदेशी अधिकारियों को एक्सपो के आयोजन से लेकर उनके अपने पुराने अनुभवों के आधार पर जरुरी सुधारों के लिए सुझाव देने की भी गुजारिश करता है। इस सम्मेलन में राजधानी दिल्ली में मौजूद कुल 80 देशों के हेड्स ऑफ मिशन और डिफेंस अटॉसे ने भाग लिया। इस अवसर पर एक्सपो को लेकर बनाई गई एक आधिकारिक फिल्म भी जारी की गई।

### दोतरफा होगा लाभ



रक्षा मंत्री ने विदेशी अधिकारियों से यह भी कहा कि डिफेंस एक्सपो में भाग लेने वाली विदेशी कंपनियों को दोतरफा लाभ होगा। एक ओर उन्हें भारत के सामने पूर्ण क्षमता के साथ अपने रक्षा उत्पादों को प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा, तो दूसरी ओर भारतीय रक्षा उद्योग की ताकत और क्षमता को भी परखने का अवसर मिलेगा। जिससे भविष्य में बड़े रणनीतिक लक्ष्यों की पूर्ति की जा सकती है। डिफेंस एक्सपो साझा लाभ प्राप्ति के लिए भागीदारी बढ़ाने का एक अवसर प्रदान करता है।

### मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कहा

## माओवादी कोई 'पवित्र आत्मा' और 'मेमने' नहीं हैं



■ सरकार कानून का दुरुपयोग नहीं होने देगी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने पुलिस कार्रवाई में चार नक्सलियों के मारे जाने की घटना का बचाव करते हुए कहा कि माओवादी कोई 'पवित्र आत्मा' और 'मेमने' तो हैं नहीं। छत्तीसगढ और बिहार जैसे राज्यों में माओवादियों द्वारा सुरक्षाकर्मियों और किसानों की हत्या किये जाने का हवाला देते हुए उन्होंने जानना चाहा कि क्या (विपक्षी) संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) केरल में भी ऐसी ही स्थिति चाहता है। माओवादियों की हत्या और माकपा के माओवादी समर्थक छात्र कार्यकर्ताओं की गैर कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम के तहत गिरफ्तारी पर राज्य विधानसभा में चर्चा के लिए कांग्रेस द्वारा दिये गये स्थगन प्रस्ताव के नोटिस का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार इस कानून का दुरूपयोग नहीं होने देगी। उन्होंने पिछले हफ्ते पलक्कड़ जिले के अट्टापड्डी में हुए पुलिस मुठभेड़ का जिक्र करते हुए कहा माओवादी आत्मसमर्पण करने तो आये नहीं थे। उन्होंने पुलिस पर गोलियां चलायी थीं। इस पुलिस मुठभेड़ में चार माओवादी मारे गये थे। विजयन ने यूडीएफ पर माओवादियों का 'महिमामंडन' करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह स्तब्ध कर देने वाली बात है।

## मनमोहक नजारा...



प्रयागराज में सोमवार की सुबह गंगा नदी में उड़ते पक्षियों का एक दृश्य।

### पश्चिम बंगाल रोजवैली घोटाला

## सीबीआई ने आईपीएस अधिकारी से की पूछताछ




**कोलकाता।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने करोड़ों रूपये के रोजवैली घोटाले की जांच के सिलसिले में उपायुक्त (बंदरगाह संभाग) वकार रजा से सोमवार को पूछताछ की। सीबीआई के सूत्रों ने बताया कि आईपीएस अधिकारी रजा आरोपी नहीं हैं लेकिन जब रोजवैली समूह ने कथित रूप से वित्तीय अनियमितताएं की थी तब उनकी बतौर सीआईडी अधिकारी क्या भूमिका थी, उसका पता लगाने के लिए उन्हें यहां सीबीआई के सीजीओ परिसर कार्यालय में तलब किया गया था। प्रवर्तन निदेशालय के अनुसार इस समूह ने निवेशकों को 15,000 करोड़ रूपये का चूना लगाया था जिसमें ब्याज और जुर्माने की राशि भी शामिल है। कंपनी पर निवेशकों के प्रति अपनी देनदारियों को दबाने के लिए अपनी सहायक कंपनियों में निवेश करने का आरोप है। केंद्रीय एजेंसी ने 2015 में समूह के अध्यक्ष गौतम कुंडू को गिरफ्तार किया था और होटलों और रिसोर्ट समेत 2300 करोड़ रूपये की संपत्ति कुर्क की थी।

### कोचिंग जा रही छात्रा का किया अपहरण, 6 घंटे तक कार में करते रहे गैंगरेप

**दौसा।** लालसोट में एक कोचिंग छात्रा से कार में गैंगरेप की वारदात सामने आई है। आरोपी 3 युवक छात्रा का अपहरण करने के बाद करीब 6 घंटे तक कार को सड़क पर दौड़ाते रहे और उसका रेप करते रहे। इस दौरान युवकों ने छात्रा की आंखों पर पट्टी बांध दी। बाद में जान से मारने की धमकी देकर उसे सड़क पर छोड़ गए। मामले की जांच कर रहे लालसोट पुलिस ने बताया कि वारदात 3 दिन पहले 1 नवंबर की सुबह हुई। पीड़िता अपने गांव से सुबह 5 बजे कोचिंग के लिए निकली थी। होदायली मोड़ के समीप कार सवार तीन युवक पहुंचे और छात्रा को खींचकर कार में पटक दिया। आरोपियों ने छात्रा की आंखों पर उसका ही दुपट्टा बांध दिया ताकि वह उनकी पहचान नहीं कर सके। उसके बाद युवक कई किलोमीटर तक पीड़िता को कार में घुमाते रहे और उसके साथ दुष्कर्म करते रहे। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों की पहचान कर रामलखन, मोहित और लालाराम को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।


**हिन्दुस्तान टिन वर्क्स लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : 426, डीएलएफ टावर-ए, जसौला, नई दिल्ली-110025
CIN : L27109DL1958PLC003006

**सूचना**

स्टॉक एक्सचेंज (एस) के साथ सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं डिस्क्लोजर आवश्यकताएं) नियमनों, 2015, (लिस्टिंग नियमनों) के नियमन 29 के तहत एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अन्य बातों के अलावा 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही / अर्ध वर्ष हेतु कम्पनी के अअंकेक्षित (अंतरिम) वित्तीय परिणामों पर विचार करने और रिकार्ड पर लेने के लिये कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक बुधवार, 13 नवम्बर, 2019 को अप. 3.30 बजे 819, डीएलएफ टावर-ए, जसौला, नई दिल्ली-110025 में आयोजित की जाएगी।

बोर्ड के आदेशानुसार
हस्ता/-
रजत पाठक
वीपी (वित्त) एवं कम्पनी सचिव
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 04.11.2019



**चन्द्र प्रभु इंटरनेशनल लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : 14, रानी झांसी रोड, नई दिल्ली-110055
कॉर्पोरेट कार्यालय : सुइट 522, 5वां तल, गैलेरिया टावर्स, डीएलएफ फेज-IV, गुरुग्राम-122009, हरियाणा
CIN : L51909DL1984PLC019441
E-mail : info@cpil.com, Website : www.cpil.com

**सूचना**

सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशन एवं डिस्क्लोजर आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 47 के साथ पठित नियमन 29 के तहत एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अन्य बातों के अलावा 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणाम (अंतरिम) और अध्यक्ष की अनुमति सहित किसी अन्य मामले पर विचार करने तथा अनुमोदन करने के लिये **मै. चन्द्र प्रभु इंटरनेशनल लिमिटेड** के निदेशक मंडल की बैठक बुधवार 13 नवम्बर 2019 को अप. 1.00 बजे कम्पनी के कॉर्पोरेट कार्यालय में आयोजित की जाएगी।

इस सूचना में निहित जानकारी कम्पनी की वेबसाइट अर्थात् (www.cpil.com) तथा स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट अर्थात् (www.bseindia.com) पर भी उपलब्ध है।

बोर्ड के आदेशानुसार
हस्ता/-
(गजराज जैन)
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
डीआईएन-00049199
स्थान : गुरुग्राम
दिनांक : 04.11.2019


### आईपीएस अधिकारी के फोन टैपिंग पर न्यायालय का कड़ा रुख

# कहा-किसी के लिए निजता नहीं बची

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी मुकेश गुप्ता और उनके परिवार के सदस्यों के फोन टैप कराने की छत्तीसगढ़ सरकार की कार्रवाई पर सोमवार को कड़ा रुख अपनाया और कहा किसी के लिये भी निजता नहीं बची है। शीर्ष अदालत ने छत्तीसगढ़ सरकार से जानना चाहा कि क्या इस तरह से किसी भी व्यक्ति के निजता के अधिकार का हनन किया जा सकता है। न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा और न्यायमूर्ति इन्दिरा बनर्जी की पीठ ने राज्य सरकार को सारे मामले में विस्तृत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया ओर कहा कि इसमें यह भी स्पष्ट किया जाये कि फोन की टैपिंग का आदेश किसने दिया और किन कारणों से दिया ? पीठ ने सख्त लहजे में कहा इस तरह से करने की क्या आवश्यकता है? किसी के लिये कोई निजता बची ही नहीं है। इस देश में आखिर क्या हो रहा है? क्या किसी व्यक्ति की निजता का इस तरह हनन किया जा सकता है? किसने यह आदेश दिया? विस्तृत हलफनामा दाखिल किया जाये। पीठ ने शीर्ष अदालत में आईपीएस अधिकारी का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता के खिलाफ अलग से प्राथमिकी दायर किये जाने पर भी नाराजगी व्यक्त की और अधिवक्ता के खिलाफ जांच पर रोक लगा दी।

### अदालत ने आरबीआई से पूछा, पीएमसी बैंक के जमाकर्ताओं की मदद के लिए क्या कदम उठाए?



**मुंबई ।** बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को भारतीय रिजर्व बैंक से यह जानने की कोशिश कि उसने घोटाले की मार झेल रहे पंजाब एंड महाराष्ट्र को -ऑपरेटिव बैंक के जमाकर्ताओं के हितों की रक्षा के लिए क्या कदम उठाए हैं। न्यायमूर्ति एस . सी . धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति आर . आई . छागला की खंडपीठ बैंक के जमाकर्ताओं की ओर से दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। इन याचिकाओं में आरबीआई की निकासी सीमा को चुनौती दी गई है। आरबीआई ने पीएमसी बैंक में कथित वित्तीय अनियमितता सामने आने के बाद नकद निकासी समेत अन्य प्रतिबंध लगाए थे। सबसे पहले आरबीआई ने निकासी की सीमा छह महीने के लिए केवल 1000 रुपए तय की थी , जिसे बाद में बढ़ाकर 10,000 रुपये और फिर बढ़ाकर 40,000 रुपये कर दिया गया था। पीठ ने सोमवार को कहा कि वह सिर्फ यह जानना चाहती है कि आरबीआई ने इस मामले में क्या किया है। अदालत ने कहा आरबीआई को इस बैंक के सभी कामों की जानकारी है।

### व्हॉट्सएप जासूसी मुद्दे की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया जायेः राकांपा



**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने इजरायली स्पाईवेयर 'पेगासस' का इस्तेमाल करके व्हॉट्सएप के जरिये देश में कुछ लोगों की अवैध रूप से जासूसी किये जाने की जांच के लिए एसआईटी का गठन करने की सोमवार को मांग की और केन्द्र से इस संबंध में एक श्वेत पत्र प्रकाशित करने को कहा। गत 31 अक्टूबर को फेसबुक के स्वामित्व वाली कंपनी व्हॉट्सएप ने कहा था कि इजराइली स्पाईवेयर 'पेगासस' के जरिये कुछ अज्ञात इकाइयां वैश्विक स्तर पर जासूसी कर रही हैं। भारतीय पत्रकार और मानवाधिकार कार्यकर्ता भी इस जासूसी का शिकार बने हैं। राकांपा की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख जयंत पाटिल ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा इजरायली कंपनी एनएसओ (जिसने पेगासस विकसित किया है) को देश में कुछ लोगों की जासूसी करने के लिए लगाया गया था। यह चिंताजनक बात है। केन्द्रीय मंत्री (संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी) रविशंकर प्रसाद को जासूसी के आरोपों पर कुछ और प्रकाश डालना चाहिए।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रवी उर्फ गोलू उर्फ गौरव,** पुत्रः **ओम प्रकाश,** निवासीः **के-1/144, वैष्णो देवी मंदिर के पास, पीपल वाला रोड, मोहन गार्डन, उत्तम नगर, नई दिल्ली** ने **FIR No. 496/17 u/s 392/411/ 34 IPC, थाना विकासपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **रवी उर्फ गोलू उर्फ गौरव** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रवी उर्फ गोलू उर्फ गौरव** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **FIR No. 496/17 u/s 392/411/ 34 IPC, थाना विकासपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रवी उर्फ गोलू उर्फ गौरव** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 16.12.2019** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री दीपक वत्स,
मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट,
कमरा नं. 9, भूतल, द्वारका जिला कोर्ट,
सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली

DP/8487/WD/19(Court Matter)

## चिंतन

# केवल ऑड-ईवन से नहीं होगा पर्यावरण स्वच्छ

इंडियन पॉल्यूशन कंट्रोल एसोसिएशन की उप निदेशक डॉ. राधा गोयल ने बीते साल कहा था कि दिल्ली में ऑड-ईवन यातायात व्यवस्था को सुचारू बना सकता है, लेकिन वायु प्रदूषण कम नहीं कर सकता। टाटा एनर्जी रिसर्च इंस्टीट्यूट यानी टेरी के एक्सपर्ट भी यही कहते हैं कि दिल्ली की हवा का साफ होना या गंदा होना सिर्फ दिल्ली जैसे छोटे से भूभाग से तय नहीं होता। यह पूरे रीजन, पूरे देश और तो और पूरे महाद्वीपों के हालात पर निर्भर करता है। अब सुप्रीम कोर्ट ने भी दिल्ली सरकार के ऑड-ईवन फार्मूले पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जस्टिस अरुण मिश्रा और जस्टिस दीपक गुप्ता की बेंच ने दिल्ली सरकार से पूछा, डीजल वाहनों पर प्रतिबंध समझ आता है, लेकिन ऑड-ईवन स्कीम के पीछे क्या तुक है? दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने कार्यकाल में तीसरी बार 4-15 नवंबर तक ऑड-ईवन योजना लागू करने का ऐलान हुआ है। सोमवार से शुरु हुए ऑड-ईवन के तहत लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जो लोग अपनी कार से सफर करते हैं। उन्होंने टैक्सी या फिर ऑटो का सहारा लिया। ऑटो रिक्शा और टैक्सी कारों से भी ज्यादा प्रदूषण फैला रहे हैं। यह बात बिलकुल सही है कि दिल्ली की हवा जहरीली हो चुकी है, सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है। हालात विकट हैं, लेकिन केवल ऑड-ईवन लागू कर देने से राजधानी की हवा स्वच्छ हो जाएगी, यह तथ्य न तो मौसम वैज्ञानिकों और न ही आम आदमी के गले उतरता है। अक्टूबर-नवंबर में हर साल दिल्ली एनसीआर की हवा के लिए अभिशाप बनकर आते हैं। फिर भी न तो दिवाली की आतिशबाजी में कोई खास कमी होती है, न ही पराली के धुएं का कोई इंतजाम हो पाता है। प्रदूषण बढ़ाने वाले बाकी कार्यक्रम भी साल भर ज्यों के त्यों चलते रहते हैं। हां, अक्टूबर-नवंबर में जब हर सांस चूल्हे में से खिंचती हुई जान पड़ती है, आंखें जलने लगती हैं और खांसी दूर करने के सारे जतन बेकार साबित होने लगते हैं, तब किसी भी उपाय से प्रदूषण कम करने की बेकरारी में ऑड-ईवन लागू कर दिया जाता है। हालांकि इस बात को लेकर कोई साइंटिफिक स्टडी अभी तक नहीं आई है कि सड़कों पर दौड़ते वाहनों से कितना प्रदूषण होता है और इनकी संख्या में कुछ कमी करके प्रदूषण की मात्रा कितनी घटाई जा सकती है? अगर केजरीवाल यह सोचते हैं कि दिल्ली में क्षेत्रफल के हिसाब से कारों की संख्या ज्यादा है और ये गाड़ियां प्रदूषण का मुख्य कारण है तो यह गलत है। अगर ऐसा होता तो इस बार हरियाणा की हवा दिल्ली से ज्यादा जहरीली नहीं होती। रोहतक स्थित महार्षि दयांनद विवि के पर्यावरण साइंस विभाग की प्रोफेसर राजेश धनखड़ कहती है कि अक्टूबर-नवंबर के दौरान उत्तरी भारत में हवा के जहरीली होने का कारण केवल पराली जलना या वाहन नहीं है। इनमें खनन, निर्माण, उद्योग और कचरा जलाना समेत बहुत से कारण हैं। जो सालभर हवा को जहरीला करते रहते हैं। अक्टूबर में तापमान गिरने और हवा का वेग कम होने के कारण हालात खराब होते हैं। ऐसे में साफ है कि अगर पर्यावरण को स्वच्छ रखना है तो हमें पूरे साल सजग रहना होगा। केवल मुसीबत खड़े हो जाने के बाद ऑड-ईवन लागू कर देना कोई समाधान नहीं है।

## सारा संसार



चित्तौड़ का किला राजस्थान के सबसे भव्य किलों में से एक है। यह एक वर्ल्ड हेरिटेज साइट है। चित्तौड़ मेवाड़ की राजधानी थी और चित्तौड़ का किला अपने आप में वीर राजपूतों के त्याग, बलिदान और शौर्य को समेटे हुए है। चित्तौड़गढ़ की प्राचीनता का पता लगाना कठिन कार्य है, किन्तु माना जाता है कि महाभारत काल में महाबली भीम ने अमरत्व के रहस्यों को समझने के लिए इस स्थान का दौरा किया और एक पंडित को अपना गुरु बनाया। यहाँ पर मौर वंशी जाटों ने बहुत समय राज किया।

## व्यंग्य

संतोष उत्सुक

# सतर्कता

यह प्रसन्नता का विषय है सुचारु राज्य पुनः स्थापित हो रहा है। किसी भी संस्था की समुचित स्थापना में बार-बार संजीदगी से लिए और दिलाए संकल्प, ली गई शपथ व बांटे गए वचनों और प्रवचनों का सक्रिय हाथ होता है। व्यक्तिगत रूप से ली गई शपथ, संकल्प या प्रवचन का ज्यादा असर नहीं होता। हां सार्वजनिक व सामूहिक रूप से ली जाए तो इन सभी चीजों में गहरे असर के साथ साथ सतर्कता व सुरक्षा भी रहती है। राष्ट्रभक्ति से सम्बद्ध शपथ लेनी हो तो गौरव से सिर ऊंचाकर जोर से बोलना अच्छा लगता है, लेकिन भ्रष्टाचार वगैरा के खिलाफ चाहें तो समूह के बीच में या पीछे खड़े होकर धीरे धीरे बोल सकते हैं। भारतीय जीवन में शपथ का दैवीय व सांस्कृतिक महत्व है इसलिए चाहे मुंह से कोई भी शब्द न निकालें, लेकिन जीवन व कार्यालयी कामकाज के व्यवाहारिक पक्षों के अनुरूप जो करना पड़ता है, मन में उसी से संबंधित शपथ ग्रहण कर ली जाती है। होंट सिर्फ हिला सकते हैं और दिमाग जो शपथ दिलाए, ले सकते हैं। उदाहरण, अपना व अपने परिवार का जीवन सही ढंग से व्यतीत करने के लिए, मैं अपनी सीमा में रहते हुए जो कुछ भी आर्थिक रूप से कर सका, पूरी सतर्कता बरतते हुए करूंगा। मैं यह मानता हूं कि भ्रष्टाचार प्लास्टिक की तरह है, इसका ख़त्म होना मुश्किल है। हमारे देश की कार्य संस्कृति के अनुसार शपथ हर साल सरकारी कर्मचारियों को पिलाई जाती है। इसे बड़े अधिकारी पूर्ण अनुशासन से पढ़कर दिलाते हैं। संदेश, संकल्प और वचन की समृद्ध परंपरा के निमित, बड़े आकार की कुर्सियों पर बैठने वाले देश के कर्णधार उच्च स्तरीय संदेश प्रेषित करते हैं। सतर्कता जीवन में एकदम प्रवेश नहीं कर पाती इसलिए सतर्कता जागरुकता सप्ताह मनाया जाता है। जिस प्रकार हमने पर्यावरण सुधारने के मामले में पूरी निष्ठा से कार्य किया उसी प्रकार स्कूलों, कालेजों, संस्थानों में सतर्कता बारे व्याख्यान, भाषण, नारा, पेंटिंग, पोस्टर व क्विज प्रतियोगिता करवाई जाती है। शपथ समारोह में कड़े नियम है कि छोटे स्तर का कर्मचारी शपथ नहीं दिला सकता बल्कि बड़े स्तर का कर्मचारी माफ करें अधिकारी ही अपने मातहत काम करने वालों को शपथ दिलाते हैं। उच्च अधिकारी पहले सभी कर्मचारियों को ठीक से समझाते हैं कि देश की आर्थिक व सामाजिक उन्नति में भ्रष्टाचार बड़ी बाधा है। समारोह में राजनीतिक व धार्मिक उन्नति की बात नहीं की जाती, क्योंकि यह बिना शपथ होती रहती हैं। विभाग व अनुभाग के अधिकारी व कर्मचारियों का अपना अपना कोड नंबर, पिन, पासवर्ड व ओटीपी होता है जो परिवर्तनशील होता है, लेकिन सहज बताने लायक नहीं होता। यह प्रशंसनीय रहा कि इस बार शपथ समारोह दीपावली के त्योहारी व उपहारी मौसम के दौरान आयोजित की गई।

# जहरीली हवा से घट रही उम्र



पर्यावरण

निरंकार सिंह

> जहरीली हवा के कारण आयु सात साल तक कम हो गई है। 1998-2016 के बीच हुए शोध में बताया गया है कि उत्तर भारत में प्रदूषण बाकी भारत के मुकाबले तीन गुणा अधिक जानलेवा है। इस अध्ययन में सबसे अधिक प्रदूषित दिल्ली को बताया गया है। राष्ट्रीय राजधानी में 2016 के दौरान पीएम 2.5 का स्तर 114 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा। उत्तर भारत में 48 करोड़ से अधिक आबादी या कह लें कि भारत की करीब 40 फीसदी इन्हीं मैदानी इलाकों में रहती है।

आजकल दिल्ली और एनसीआर सहित उत्तर भारत के कई नगरों में हवा इस हद तक प्रदूषित हो चुकी है कि लोगों को सांस लेना मुश्किल हो गया है। वायु प्रदूषण का प्रभाव मानव वर्ग पर ही सीमित नहीं है, जीव-जन्तु, पेड़-पौधे भी इसके शिकार होते हैं। आज मनुष्य ने अपने क्रिया-कलापों से वायुमंडल को विषाक्त बना दिया है। इस असंतुलन को रोका नहीं गया तो भयावह परिणाम हो सकते हैं। इस प्रदूषण का मुख्य कारण बढ़ते उद्योग-धंधों के साथ-साथ मोटर गाड़ियों, टेम्पो, स्कूटर, मोटरसाइकिलों से निकलने वाला धुआं है। दिवाली पर पटाखों और आतिशबाजी का धुआं भी हवा को जहरीला बनाता है। इसका एक कारण पंजाब, हरियाणा और उप्र के किसानों द्वारा धान की ठूठों और खरपतवार का जलाना भी है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार दीपावली के दिन से पूरे उत्तर भारत में जो धुंध छाई हुई है उसके अन्य कारकों में पटाखों से फैले प्रदूषण और पश्चिमी विक्षोभ का सक्रिय होना भी माना जा रहा है।

उत्तर भारत में जहरीली हवा के कारण गंगा के मैदानी इलाकों में रहने वाले भारतीयों की आयु सात साल तक कम हो गई है। 1998-2016 के बीच हुए शोध में बताया गया है कि उत्तर भारत में प्रदूषण बाकी भारत के मुकाबले तीन गुणा अधिक जानलेवा है। इस अध्ययन में सबसे अधिक प्रदूषित दिल्ली को बताया गया है। राष्ट्रीय राजधानी में 2016 के दौरान पीएम 2.5 का स्तर 114 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा। उत्तर भारत में 48 करोड़ से अधिक आबादी या कह लें कि भारत की करीब 40 फीसदी जनसंख्या गंगा नदी के किनारे इन्हीं मैदानी इलाकों में रहती है। अत्यधिक दूषित हवा वाले अधिकांशतः हिन्दी भाषी यह राज्य बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, पश्चिम बंगाल और केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ है। द एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट एट यूनिवर्सिटी आफ शिकागो की ओर से जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार एयर क्वालिटी लाइट इंडेक्स के मुताबिक 2016 आते-आते क्षेत्र में वायु प्रदूषण 72 फीसदी तक बढ़ गया। इसके चलते उत्तर भारत में रहने वाले लोगों का जीवन 3.4 साल था, जो अब 7.1 साल तक कम होने लगा है।

देश में साल 2017 में 12 लाख से अधिक लोगों की मौत वायु प्रदूषण से हुई थी। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च की पिछले दिनों जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। इस रिपोर्ट के अनुसार 2017 में देश में लगभग 12.4 लाख लोगों को प्रदूषित हवा के चलते जान से हाथ धोना पड़ा था। यदि वायु प्रदूषण कम होता, तो लोगों की जीवन प्रत्याशा 1.7 साल ज्यादा होती। इतना ही नहीं इसके चलते लोग तम्बाकू के इस्तेमाल की तुलना में बीमार भी कहीं ज्यादा हो रहे हैं। अतिसूक्ष्म कण पीएम-2.5 राजधानी दिल्ली के अलावा उप्र और हरियाणा में जानलेवा है। लैनसेट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, वायु प्रदूषण के चलते दुनियाभर में समय पूर्व मृत्यु दर 18 फीसदी है। जहरीली हवा के चलते पिछले साल भारत में जितने





लोग मारे गए, उनमें आधे से अधिक लोगों की उम्र 77 फीसदी से कम थी।

मुंबई, कोलकाता, कानपुर, लखनऊ, वाराणसी और अन्य बड़े शहरों की भी हवा कम प्रदूषित नहीं है। नगरों का प्रदूषण स्तर विकास स्तर, क्षेत्रफल, आबादी, उद्योग धंधों, परिवहन साधनों आदि से जुड़ा है। दिल्ली को विश्व का सर्वाधिक प्रदूषित नगर कहा जाता है। यहां का 97.5 प्रतिशत पर्यावरण प्रदूषित है। दूसरे नम्बर पर उप्र का नगर लखनऊ है, जहां 60 प्रतिशत प्रदूषण है। उसके बाद टोक्यो, लांसएंजिलिस, टोरन्टो और पेरिस का स्थान है। जापान में बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण 1960 के दशक में टोक्यो निवासियों ने आक्सीजन सिलेंडर और वायु फिल्टर का उपयोग आरम्भ कर दिया। हमारे देश में वायु प्रदूषण की दृष्टि से कानपुर तथा कोलकाता की स्थिति भी अच्छी नहीं है। एक सर्वेक्षण के अनुसार सल्फर डाईआक्साइड की दृष्टि से कोलकाता सर्वाधिक प्रदूषित है। उसके बाद मुम्बई, दिल्ली, अहमदाबाद, कानपुर, हैदराबाद, मद्रास, नागपुर और जयपुर का नंबर आता है। नाइट्रोजन आक्साइड की अधिकतम मात्रा कानपुर और अहमदाबाद में मापी गई। संकट की इन स्थितियों के कारण अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन सभी सूरतों में उनकी बुनियाद में दो कारण अवश्य मौजूद हैं। उत्पादन, उत्पादक कार्यकलाप और समाज की उत्पादक शक्तियों का विकास तथा वह सामाजिक आधार, जिस पर उसका विस्तार होता है। प्रकृति पर जीत हासिल करते हुए मनुष्य जो चाहता, वह सब पा लेता था, लेकिन साथ ही उससे ऐसे परिणाम भी पैदा होते थे, जिनकी उसे कल्पना तक नहीं थी। निजी और सरकारी कल कारखानों द्वारा वैज्ञानिक और तकनीकी उपलब्धियों के दुरुपयोग से प्रकृति तथा उपभोक्ता की रक्षा के लिए आंदोलन के बहुत से सहभागी उसी नतीजे पर पहुंचे, जिस पर अमेरिकी बी. कोमोनेर पहुंचे थे। उन्होंने लिखा कि पर्यावरण से सम्बद्ध हर समस्या के स्त्रोतों की खोज इस निर्विवाद सत्य पर पहुंचा देती है कि संकट का मूल कारण प्रकृति के साथ मानव के संबंधों में नहीं, बल्कि लोगों के आपसी सबन्धों में निहित है। अंततः लोगों और प्रकृति के बीच शांति के पूर्व लोगों के बीच शांति होनी चाहिए। असल में, वैज्ञानिक-तकनीकी प्रगति मानव समाज के आगे विस्मयकारी परिप्रेक्ष्य उन्मुक्त करती है। किन्तु इस बात की ओर से भी आंखें नहीं मूंदनी चाहिए कि इस पथ पर बहुत सी कठिनाइयां पैदा हो जाती है, जिनका संबंध पर्यावरण के बढ़ते हुए प्रदूषण, अपूरणीय निक्षेपों के निःशेष होने, ईंधन भंडारों के ह्रास से है।

विश्व भर में पर्यावरण की रक्षा को लेकर आंदोलन विस्तृत और सुदृढ़ हो रहा है और पारिस्थितिकी के क्षेत्र में कारगर अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व की समझ भी बढ़ रही है। उदाहरण के लिए आज आशा की जा सकती है कि यूरोप का, जहां कई पारिस्थितिक समस्याएं विशेष उग्र रूप धारण किए हुए हैं, वातावरण निकट भविष्य में ही अधिक स्वच्छ हो जाएगा। हमारे यहां मुश्किल यह है कि पर्यावरण को लेकर जबानी जमाखर्च और प्रतीकात्मक उपाय ज्यादा होते हैं। केन्द्र सरकार कह रही है कि दिल्ली और आसपास के राज्य पर्यावरण को बेहतर रखने के लिए बनाए गए नियमों और कानूनों का ठीक से पालन नहीं करवा पा रहे हैं। केन्द्र का रवैया भी छुपा नहीं है। वक्त आ गया है कि साफ हवा के लिए केन्द्र और राज्य सरकारें मिलकर काम करें और कुछ कड़े कदम उठाए जाएं। यदि ऐसा नहीं किया गया तो हमें सांस लेने के लिए शुद्ध हवा का मिलना मुश्किल हो जाएगी और लोग बड़े पैमाने पर दमा, टीबी सहित कई तरह के बीमारियों के शिकार होंगे।

## मन है दुख-सुख का मूल



संकलित

दर्शन

ज्ञानी के पास जो कुछ है उससे वह खुश है तथा जो कुछ नहीं है उससे भी वह प्रसन्न है। मूर्ख के पास जो भी है उससे वह नाखुश है और जो कुछ नहीं है उसके लिए अप्रसन्न। कोई व्यक्ति हमें दुख नहीं देता न ही जीवन में कोई वस्तु हमारे क्लेश का कारण होती है। यह तुम्हारा अपना मन है जो तुम्हे दुखी बनाता है एवं तुम्हारा खुद का मन ही तुम्हे प्रसन्न और उत्साहित बनाता है। यदि तुम्हारे पास जो कुछ भी है उससे तुम पूरी तरह से तृप्त हो तब जीवन में कोई चाह नहीं होती। यह महत्वपूर्ण है कि आकांक्षाएँ हों परंतु यदि अपनी महत्वाकांक्षा के बारे में तुम ज्वरग्रस्त हो वह अपने आप में एक अवरोध बन जाता है। नल की बहुत तेज़ धार के नीचे जब प्याले को रखा जाता है तो वह कभी नहीं भर सकेगा। नल के पानी को सही रफ्तार से बहाओगे तब प्याला भर पायेगा। यही होता है उन लोगों के साथ जो बहुत अधिक महत्वाकांक्षी या ज्वरग्रस्त हैं। बस संकल्प रखो 'मैं यही चाहता हूँ' -और जाने दो। तुम्हारा पूरा जीवन, हर साँस जो तुम लेते हो उपासना का एक रूप है।भक्ति का अर्थ है आदर एवं सम्मान के साथ प्रेम करना। महज़ आराधना भक्ति नहीं है। आराधना का अर्थ है किसी व्यक्ति के खास गुणों के कारण उनसे प्रेम करना। सत्य सदैव सहज होता है एवं वह सृष्टि के सरलतम रूपों में परिव्याप्त है। परिवर्तन को जानो और अपरिवर्तनशील को देखो। जो बदल रहा है उसे जानो और अचानक ही तुम जीवंत हो उठोगे।

## इच्छाशक्ति से बदलें बुरी आदतें



संकलित

प्रेरणा

जब कोई बुरी आदतें आपके मन में पक्की बैठ जाती है, और आप उसे बदलना चाहते हैं तो आपकी अपनी प्रबल इच्छाशक्ति से उसे चूर-चूर करना होगा। तब उसे नए अच्छे कार्यों में लगाना होगा। जिसने नई अच्छी आदतों का निर्माण हो सके। प्रबल इच्छाशक्ति का अर्थ है दृढ़ आत्मविश्वास। जिस क्षण आप अपने अंतःकरण में कहते हैं कि मैं इस आदत से बंधा हुआ नहीं हूं, उसी क्षण वह आदत नष्ट हो जाएगी। आप अपने अंतर में झांको और अपनी प्रमुख विशेषताओं को पहचानो। कुछ लोगों को लिखना अच्छा लगता है तो कुछ लोगों को संगीत की धुनें बनाना। दुर्भाग्यवश, कुछ लोगों को गपशप और दूसरों की निंदा में मजा आता है। आपमें जो कुछ भी अच्छा हो उसे बदलने का प्रयास मत कीजिए। लेकिन जो काम आप अपनी आंतरिक इच्छा के विरुद्ध करके हैं या करने के बाद दुखी होते हैं, उनसे आपको अपना पीछा छुड़ाना होगा। लेकिन कैसे? आंतरिक आत्मविश्वास के साथ मन ही मन कहें, मैं बदल सकता हूं। बदलने के लिए आवश्यक इच्छाशक्ति मुझ में है। मैं बदल कर रहूंगा। इस विचार को दिन भर मन में रखें। उसे अपने साथ निद्रा के अवचेतन प्रदेश में ले जाएं। ध्यान के अधिचेतन प्रदेश में भी। उदाहरण के लिए आपकी समस्या यह है कि आपको बार बार गुस्सा आया है और शांत होने के पश्चात आपको इस बारे में बुरा भी बहुत लगता है। तो प्रत्येक दिन सुबह और शाम को गुस्सा न आने देने का दृढ़ निश्चय करें।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### धर्मग्रंथों का ज्ञान बनाए संपूर्ण

हमारे देश में अनेक त्योहार मनाए जाते हैं। हर धर्म के त्योहार प्यार, इनसानियत से जीने का संदेश देते हैं। इन्हीं त्योहारों में से एक त्योहार है दीपावली। जो अभी कुछ दिन पहले ही बीता है। पांच दिनों के इस त्यौहार में बुराई से बचने की बुनियादी सीख दी गई है। पांचों दिन की अलग-अलग कहानी हमें प्रेरणा देती है। इसी तरह, जन्माष्टमी, जो भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। श्रीकृष्ण जी ने जो गीता में संदेश दिए थे, अगर हर इनसान उनका अनुसरण करे और उस रास्ते पर चले, तो इनसान न खुद कभी दुखी हो सकता है और न ही अपने गलत कर्मों से दूसरों को दुखी कर सकता है। अंत में यह भी कहना उचित होगा कि अगर बच्चों की बचपन से ही गीता जैसे धार्मिक ग्रथों के प्रति रुचि बढ़ाई जाए, तो वे इनसे ज्ञान हासिल कर जिंदगी में कभी पथभ्रष्ट नहीं होंगे।

*- वृंदा पाठक*

## ट्रेंड

### शानदार बातचीत



म्यांमार के स्टेट काउंसलर आंग सान सू की के साथ शानदार बातचीत। भारत-म्यांमार की दोस्ती को और गति देने पर गहन विचार-विमर्श हुआ। म्यांमार हमारी एक्ट ईस्ट पॉलिसी के मूल में है। मजबूत द्विपक्षीय संबंध विकसित होंगे। **-नरेंद्र मोदी**

### नन्हा बलिदानी



विस्मृत नन्हा बलिदानी, केवल 12 वर्ष के नन्हे बलिदानी बाजी राउत। जिसने क्रांतिकारियों पर गोली चलाने जा रही अंग्रेजी सेना को अपनी नाव में ले जाने से मना कर दिया, अंग्रेजो ने उसे गोलियों से छलनी कर दिया। नन्हे बालक को नमन।

**-बाबा रामदेव**

### किसान को दोष न दें



मेरा सुझाव है कि दिल्ली, हरियाणा और यूपी पराली से संबंधित उद्योग लगाएं। हम किसानों को दोष न दें, क्योंकि वह पराली को कहां नहीं ले जाएगा। इसके बजाय ऐसे तरीकों का प्रस्ताव करना चाहिए जो आर्थिक और पारिस्थितिक रूप से वांछनीय हों।

**-एमएस स्वामीनाथन**

### व्हीलचेयर अच्छा जुगाड़



अध्यन करें तो सबसे ज्यादा व्हीलचेयर का प्रयोग भारत के हवाईअड्डों पर हो रहा है। क्या भारतीय बुजुर्ग दूसरों की तुलना में अधिक यात्रा करते हैं, क्या हमारे पास अनफिट लोग अधिक हैं या फिर कतार की बजाए व्हीलचेयर अच्छा जुगाड़ है।

**-आनंद महेंद्रा**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# पाकिस्तान दूतावास ने बंद किया काबुल में वीजा केंद्र



काबुल में पाकिस्तान दूतावास ने कहा कि वह अफगानिस्तान की राजधानी में अपने वाणिज्यिक कार्यालय को सुरक्षा कारणों से अनिश्चितकाल के लिये बंद कर रहा है। पाकिस्तान ने यह कदम ऐसे वक्त उठाया है जब हाल के दिनों में दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव बढ़ा है। वीजा प्रभाग का बंद होना कई अफगानिस्तानियों के लिये बड़ा झटका है क्योंकि रोजाना सैकड़ों लोग इलाज, सामान लाने-ले जाने और विश्वविद्यालयों में शिक्षा के उद्देश्य से वीजा के लिये आवेदन करते हैं। दूतावास के प्रवक्ता द्वारा रविवार को व्हॉट्सएप पर साझा किये गए एक संदेश के मुताबिक वाणिज्यिक अनुभाग सोमवार से 'अगली सूचना तक' बंद रहेगा। प्रवक्ता ने बताया कि वाणिज्यिक विभाग रोजाना लगभग 1500 वीजा आवेदनों को देखता है। इस्लामाबाद में पाकिस्तानी विदेश विभाग ने कहा कि अफगानिस्तान दूतावास के अधिकारी को समन कर उन्हें 'काबुल में पाकिस्तानी दूतावास और उसके उप-मिशनों में काम कर रहे लोगों की सुरक्षा संबंधी गंभीर चिंताओं से अवगत कराया गया है।' मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि दूतावास कर्मियों को परेशान किया जा रहा है। बयान में कहा गया, 'उन्हें सड़कों पर रोका जाता है और दूतावास की तरफ जाते समय दूतावास की गाड़ियों को मोटरसाइकिलों द्वारा टक्कर भी मारी जाती है।'

## ऑफ बीट

# सड़क छाप रोमियो पर लगाम लगाने 'शेरनियों' की टीम



बिहार के कैमूर जिले में लड़कियों से छेड़छाड़ की घटनाओं पर लगाम के लिए एक विशेष टीम लगाई गई है। इस टीम में 30 महिला पुलिसकर्मी हैं, जिन्होंने मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग ले रखी है। ये महिला पुलिसकर्मी सार्वजनिक स्थानों पर सादे कपड़ों में पैट्रोलिंग कर मनचलों पर नजर रख रही हैं। कैमूर पुलिस ने छेड़खानी की शिकायतों में बढ़ोतरी के बाद यह फैसला लिया है। एसपी दिलनवाज अहमद ने कहा, टीम का नाम 'शेरनी' रखा गया है। 'कई लड़कियों के पैरेंट्स हमारे पास आए और छेड़छाड़ की शिकायत की। उन्होंने हमसे अपील की कि हम इस समस्या से निपटने के लिए कुछ करें, जिससे लड़कियां बिना डरे बाहर निकल सकें।' बता दें कि जनवरी से लेकर जून तक कैमूर में रेप के 15 केस और छेड़छाड़ के 42 केस दर्ज हुए हैं। टीम के गठन के पहले ही दिन 22 अक्टूबर को इस टीम ने छेड़खानी करते 3 लड़कों को हिरासत में लिया और थाने ले आई। वहां इनके मां-बाप को बुलाकर लिखित माफीनामा लिया गया और निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया। टीम की प्रशंसा पुरुष पुलिसकर्मी भी करते नहीं थकते। दरोगा सत्येंद्र कुमार ने कहा, 'यह पहली बार है कि ऐसी किसी स्क्वॉड का गठन हुआ है। यह महिलाओं के खिलाफ अपराध कम करने में मील का पत्थर साबित होगा।'

# सहेली



सुख-दुख हमारे जीवन का हिस्सा हैं। सुख के पल तो हंसी-खुशी में बीत जाते हैं लेकिन दुख का दौर हर किसी के लिए बहुत मुश्किलों भरा होता है। ऐसे कठिन समय में अपनों का संबल मिल जाए तो दुख का अहसास कम हो जाता है, उससे उबरने में मदद मिलती है। लेकिन किसी अपने का दुख साझा करते समय आपसे कोई भूल न हो, इसका भी ध्यान रखें।

## दुख की घड़ी में अपनेपन का संबल



कवर स्टोरी

डॉ. मोनिका शर्मा

हमारे रिश्ते, खुशी के पल साथ जीने के लिए ही नहीं, दुख साझा करने के लिए भी होते हैं। तकलीफ के दौर में किसी अपने को संभालना जिम्मेदारी निभाना भर ही नहीं, रिश्तों की कड़ियों को मजबूत करने वाला व्यवहार भी है। लेकिन कई बार तकलीफ के दौर में जाने-अनजाने हम अपनों से ऐसा कुछ कह देते हैं, जो उस परिस्थिति में सही नहीं होता। याद रहे कि दुख का समय सिर्फ सहारा देने के लिए होता है, सवाल करने के लिए नहीं। जो कुछ गलत हुआ है या जो भी तकलीफदेह हालात बने हुए हैं, उनमें अपना सहयोग और संबल अपने करीबियों को, रिश्तों को दें। दुख की घड़ी में अपनों को संभालिए, उनका हाथ थामिए। ऐसा करते हुए कुछ बातों का ध्यान भी जरूर रखिए।

### गलतियां याद ना दिलाएं

किसी के सामने जो भी परेशानी आती है, उसका कोई ना कोई कारण तो होता ही है। आमतौर पर कई तकलीफें किसी अपने की नासमझी के कारण भी पैदा होती हैं। ऐसे में इस नासमझी के चलते कोई कष्टपूर्ण स्थिति आ ही गई है तो उस वक्त बेवजह के सवाल न करें। अपनों को उनकी गलतियां याद ना दिलाएं। ना ही ऐसे समय पर तानेबाजी करें। कोई भी कटाक्ष कर अपने करीबी का मन दुखाने की बजाय, दुख को कम करने वाला संवाद करें। 'हमने तो पहले ही समझाया था' या 'यह कैसी नासमझी कर दी तुमने?' जैसी बातें कहना, ऐसे समय के लिए सही नहीं होते हैं। इसके बजाय आपका साथ देने का भाव सकारात्मक होना चाहिए। दुख के समय, अपने करीबी की कमियां निकालने की कभी न सोचें। इससे पहले से ही पीड़ा से जूझ रहे अपनों की तकलीफ और बढ़ जाएगी। तकलीफदेह समय में सबसे पहले अपने करीबी की उस समस्या से पार पाने में मदद करें, मदद का हाथ आगे बढ़ाएं।

### बेवजह के सवाल न करें

पहले से ही उलझनों में फंसे किसी अपने के परिवार से बेवजह सवाल भी न करें। आपके प्रश्न उनके लिए नई दुविधाएं पैदा करेंगे, पीड़ा देंगे। यह भी हो सकता है कि वे उस परिस्थिति में किसी सवाल का जवाब देने की हालत में ही ना हों। कोई अनहोनी होने या संकट में फंस जाने का असल कारण वे खुद भी नहीं समझ पा रहे हों। इसीलिए भूलकर भी उनकी पीड़ा बढ़ाने वाले प्रश्न न करें। आपका साथ कठिन हालातों में सहारा ना दे सके तो कम से कम शिकायती सवाल करने वाला तो बिल्कुल भी ना हो। ऐसे व्यर्थ के सवाल, सदा के लिए मन में घाव कर जाते हैं। न सिर्फ आपका साथ देने का व्यवहार, सवालों के घेरे में आ जाता है बल्कि आपके व्यक्तित्व की नकारात्मक छवि भी अपनों के बीच बनती है।



### मन से करें मदद

कहते हैं कि किसी की मदद करने के लिए केवल धन की जरूरत नहीं होती, उसके लिए एक अच्छे मन की जरूरत होती है। इसीलिए अपनों का साथ देते हुए हमेशा याद रखिए कि सहायता करना, जताने का नहीं निभाने का भाव लिए हो। अपनों के लिए मन से मदद का हाथ आगे बढ़ाएं। बीते समय की छोटी-छोटी बातों को लेकर मुश्किल वक्त में कोई बैर ना निकालें। न ही उस परिस्थिति में अपनों का मजाक बनाएं। इसके अलावा ऐसे मौके पर निराशा भरी बातें भी ना करें। बनावटीपन और दिखावे से बचें। याद रखिए, स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानी हो, कोई दुर्घटना या रिश्तों में आए उतार-चढ़ाव, ऐसी कोई परेशानी नहीं, जिस पर साथ, संयम और हिम्मत से पार ना पाया जा सके। बस दिल से साथ देते हुए अपनों को ऐसी तकलीफ से बाहर निकलने में सहायता करें। ●

### आपका जीवन भी बदलेगा

कई बार इंसान दूसरों की मदद करके अपनी परेशानी का हल पा लेता है। यकीन मानिए, परेशानी के दौर में सकारात्मक सोच के साथ अपनों को संभालने का भाव आपके मन को भी संतुष्टि और सकारात्मकता की सौगात देगा। दूसरों के व्यथित मन को सहारा देने का भाव आपके मन को भी मजबूत बनाएगा। जिंदगी को सहजता से जीने की सीख आपके हिस्से आएगी क्योंकि मदद का यह भाव वास्तव में दिल को खुशी और सुकून देने वाला होता है। इतना ही नहीं सामाजिक-पारिवारिक रूप से देखें तो पीड़ा के दौर में दूसरों का साथ देना, अपने लिए उनका साथ अर्जित करना भी है। ●

## ब्यूटी क्वेस्ट



भारती तनेजा

ब्यूटी एक्सपर्ट

### जब मेकअप करने के बाद चेहरे पर हो जाएं दाने

**मेरी उम्र 21 साल है। मैं जब भी मेकअप करती हूं तो अगले दिन मेरे चेहरे पर छोटे-छोटे दाने आ जाते हैं। मैं किस तरह से मेकअप करूं कि ऐसी प्रॉब्लम न हो?**

- अलका, चांपा

आपको हमेशा मेकअप करने से पहले हाथों को धोना चाहिए। फेस को क्लीन करके मेकअप के लिए साफ या नए ब्रश का ही इस्तेमाल करें। गंदा ब्रश आपके चेहरे पर दाने पैदा कर सकता है। अगर आप बेस्ट मेकअप करना चाहती हैं तो अपनी त्वचा पर लाइटर स्ट्रोक मेकअप करें। इससे दाने नहीं होंगे और त्वचा पर बुरा असर भी नहीं पड़ेगा। अगर आपकी दानों की समस्या खत्म नहीं हुई हो तो ब्रांडेड प्राइमर का इस्तेमाल करने से आपकी प्रॉब्लम सॉल्व हो सकती है। इससे चेहरे के दाने और रेडनेस की प्रॉब्लम भी आसानी से छुपाई जा सकती है। आपको ऑयल फ्री प्राइमर का ही इस्तेमाल करना चाहिए। इससे मेकअप लंबे समय तक टिका रहता है। इसके अलावा सोने से पहले मेकअप को अच्छी तरह क्लीन कर देना चाहिए, इससे चेहरे पर दानों की समस्या नहीं होती है।

**मेरी उम्र 28 साल है। वर्किंग हूं, दो महीने बाद मेरी शादी है। अपने चेहरे पर निखार लाने के लिए मैं क्या करूं?**

- सविता, बिलासपुर

चेहरे पर निखार लाने के लिए अपनी स्किन की सीटीएमपी यानी क्लींजिंग, टोनिंग, मॉयश्चराइजिंग एंड प्रोटेक्शन करना अभी से शुरू कर दें। आप रात को सोने से पहले चेहरा क्लीन करके एलोवेरा जैल लगा लें और सुबह उठकर चेहरा धोएं। एंटी ऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर एलोवेरा चेहरे की डेड स्किन को हटाने में मदद करता है। सुबह 1 टेबल स्पून दूध और आधा टेबल स्पून शहद को अच्छी तरह मिक्स करके 15 मिनट तक चेहरे पर लगाएं। इसे लगाने से आपके चेहरे पर इंस्टेंट निखार आएगा। आप अंडे को फेंटकर उसमें लैवेंडर या टी ट्री (चाय की पत्तियां)ऑयल अच्छी तरह मिक्स करें। फिर इसे चेहरे पर लगाकर कुछ देर सूखने दें और कुछ देर बाद चेहरा धो लें। इसे लगाने से चेहरे पर ग्लो आने लगेगा।

**मेरे बाल बहुत पतले हैं और सफेद भी हो रहे हैं। क्या मैं इन पर कलर करा सकती हूं। इससे कोई साइड इफेक्ट तो नहीं होगा?**

- रोशनी, रोहतक

आप किसी प्रोफेशनल सैलून में जाकर बाल कलर करवा सकती हैं। लेकिन हेयर स्पेशलिस्ट से कलर करवाने के बाद कलर के हिसाब से शैंपू इस्तेमाल के बारे में पता करें। हर पंद्रह दिन बाद हेयर स्पा ट्रीटमेंट लें, ये बालों को हेल्दी रखता है। सप्ताह में एक बार तेल जरूर लगाएं। बालों को धूप से बचाएं। इसके अलावा खान-पान पर भी ध्यान देना होगा, क्योंकि बाहरी खूबसूरती के साथ बालों की भीतरी मजबूती भी जरूरी है।

**मेरी उम्र 23 साल है। स्किन बहुत ड्राय है। सर्दियों में और ड्राय हो जाती है। कृपया बताएं मैं क्या करूं, जिससे स्किन मुलायम और चमकदार बन जाए?**

- वर्षा, भिलाई

स्किन को सर्दियों में मुलायम और चमकदार बनाने के लिए आप रोज रात में कुछ बातों को फॉलो करें। सबसे पहले गुनगुने साफ पानी से अपनी स्किन को साफ कर लें फिर सोने से पहले चेहरे पर हर्बल फेस मास्क लगाएं, जो स्किन को हेल्दी, नरिश रखने का सबसे शानदार तरीका है। इसका इस्तेमाल करने से स्किन में खोए हुए पोषक तत्वों के अलावा नमी की भरपाई हो जाती है। आंखों के आस-पास की त्वचा पर हो रहे डार्क सर्कल्स को दूर करने के साथ ही झुर्रियों को दूर करने के लिए आंखों के नीचे क्रीम का इस्तेमाल करना जरूरी होता है। ●

यदि आपकी सौंदर्य से जुड़ी कोई समस्या हो तो तुरंत हमें लिख भेजिए। हमारा पता है-संपादक-सहेली, ब्यूटी क्वेस्ट हरिभूमि, सी-101, 102 न्यू मुल्तान नगर, दिल्ली-56 या ई-मेल करें- saheli@haribhoomi.com

## विंटर के लिए हो जाएं रेडी

फैशन

सृष्टि

हमारे पास गर्मी के मौसम में कैरी करने के लिए तरह-तरह की लाइट, स्टाइलिश ड्रेसेस होती हैं। लेकिन सर्दी के मौसम में ड्रेसेस की इतनी लेयरिंग कैरी करनी पड़ती हैं कि पूरा लुक ही बिगड़ जाता है। खासकर सूट-सलवार वाला लुक तो पूरी तरह हाइड हो जाता है। लेकिन ठंड से बचने के साथ-साथ इस मौसम में भी आप सूट-सलवार वाले लुक में स्टाइलिश दिख सकती हैं। इसके लिए आपको कुछ स्टाइलिंग टिप्स अपनाने होंगे।





### फैब्रिक का ध्यान

सर्दी में सूट-सलवार चुनते समय सबसे जरूरी है कि आप फैब्रिक पर फोकस करें। जरूरी नहीं है कि आपका सूट वूलेन ही हो, आप वेलवेट को भी चुन सकती हैं। यह इन दिनों ट्रेंड में भी है। इतना ही नहीं, वेलवेट सूट को आप इस मौसम में किसी फंक्शन में भी आसानी से पहन सकती हैं। आप प्लेन वेलवेट सूट के साथ कंट्रास्टिंग में सलवार कैरी करें। वहीं चुनरी में आप शीयर फैब्रिक ले सकती हैं। वेलवेट के अलावा आप सिल्क, रॉ सिल्क, ब्रोकेड जैसे फैब्रिक की मदद से भी खुद को वॉर्म रख सकती हैं। शिफॉन, जार्जेट फैब्रिक को जहां तक मुमकिन हो तो अवॉयड ही करें।

### करें ठीक से लेयरिंग

सूट-सलवार पहनने का मतलब यह कतई नहीं है कि आप इसके साथ लेयरिंग नहीं कर सकती हैं। आप अपने सूट के ऊपर लॉन्ग जैकेट कैरी करके भी खुद को वॉर्म रख सकती हैं। आप प्रिंटेड जैकेट पहनकर भी अपने स्टाइल को आसानी से हाईलाइट कर सकती हैं। वहीं लोअर वियर में सलवार की जगह लेगिंग्स या स्ट्रेट फिट पैंट्स पहनें। अगर आप धोती पैंट्स पहन रही हैं तो वूलेन ही हो।

### स्लीव्स पर फोकस

ठंड के मौसम में अगर आप सिर्फ सूट-सलवार के ऊपर लेयरिंग नहीं करना चाहतीं तो स्लीव्स पर फोकस करें। कोशिश करें कि आपके सूट की स्लीव्स फुल हों। यह देखने में भी अच्छी लगती हैं और इस तरह आप आसानी से ठंड से बच सकती हैं।

### कलर्स हो खास

अगर आप वेलवेट फैब्रिक का सूट-सलवार पहन रही हैं तो कोशिश करें कि आपके सूट का कलर डीप रेड, नेवी ब्लू, ग्रीन, पर्पल हो। यह ऐसे कलर्स हैं, जो इस फैब्रिक के ऊपर काफी अच्छे लगते हैं। वहीं वूलेन फैब्रिक ड्रेस में आप वॉर्म कलर्स को सेलेक्ट करें। ●

## फूलों से पाएं निखरी त्वचा-संवरे बाल

नेचुरल केयर

आश्मिन मुंजाल

रंग-बिरंगे फूलों की खुशबू से घर-आंगन ही नहीं महकता है, इसमें मौजूद औषधीय गुण हमारी त्वचा और बालों के लिए भी लाभदायक होते हैं। फूलों का इस्तेमाल अरोमा थैरेपी और स्पा जैसे ब्यूटी ट्रीटमेंट में भी किया जाता है। आप भी फूलों से अपनी त्वचा की रंगत को निखार सकती हैं, बालों को मुलायम बनाए रख सकती हैं।



### गुलाब

- लाल गुलाब में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स, मिलेनिन की मात्रा बढ़ने से रोकने में कारगर हैं। इससे स्किन की रंगत निखरती है।
- आंखों के नीचे काले घेरे या होंठों के कालेपन को कम करने में भी गुलाब असरदार है। फूल की पंखुड़ियां पीसकर फ्रिज में 5 मिनट के लिए ठंडा करें। इसमें 2-3 बूंदें गुलाब जल की मिलाकर आंखों के काले घेरे या होंठों पर लगाएं।
- गुलाब जल में थोड़ा शहद और मलाई मिलाकर लगाने से स्किन और होंठों पर निखार आता है।
- गुलाब जल स्किन टोनर का काम भी करता है। ऑयली स्किन के लिए एक चम्मच गुलाब जल में नीबू का रस मिलाकर लगाएं और चेहरा साफ करें। इससे चिप-चिपापन दूर होगा और पिंपल्स खत्म होंगे।
- गुलाब जल से आंखें धोने पर लालपन और सूजन भी कम होती है।
- मुट्ठी भर गुलाब की पत्तियों को एक मग पानी में रात को भिगो दें। सुबह छानकर इस पानी को नहाने वाले पानी में मिलाकर नहाएं। पूरे दिन ताजगी बनी रहेगी।

### गेंदा

- गेंदा के ताजे या सूखे पत्ते त्वचा की रंगत निखारने में मददगार हैं। ऑयली स्किन के लिए गेंदे के पानी से मुंह धोना फायदेमंद है। इससे पिंपल्स होने का खतरा नहीं रहता।
- फटी एड़ियों में गेंदे की पत्तियों का रस लगाएं, दर्द दूर होगा और एड़ियां मुलायम होती हैं।
- एक कप उबले पानी में चार चम्मच गेंदे के फूल की पत्तियां डालकर 15-20 मिनट के लिए रख दें। मिश्रण ठंडा होने के बाद छान लें और तैयार पानी पूरे बालों पर लगाएं। आधे घंटे बाद सिर धो लें। ●







# शर्तें देखने के बाद एयर इंडिया को खरीदने का विचार कर सकती है टाटा ग्रुप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

घाटे में चल रही सरकारी एयरलाइन एअर इंडिया को टाटा ग्रुप खरीद सकती है। टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि टाटा ग्रुप एयर इंडिया के लिए बोली पर विचार कर सकती है।

- सरकार से अभी खरीदने के लिए कोई बात नहीं हुई: चेयरमैन

चेयरमैन ने कहा, एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट और इसकी शर्तों को देखने के बाद इस पर फैसला हो सकता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा, अर्थव्यवस्था को पटरी पर लौटने में समय लगेगा। यह पूछे जाने पर कि क्या आपकी सरकार से एयर इंडिया को खरीदने के लिए कोई बातचीत हुई है?

## कंपनी का मानना अर्थव्यवस्था को पटरी पर लौटने में लगेगा समय

### सभी मौकों को देख रही कंपनी

चंद्रशेखरन ने कहा, स्टील सेक्टर में बहुत मौके हैं और हमने उस मौके का फायदा उठाया। पावर में भी कई मौके आए और हमने एक या दो को भुनाया भी। इसलिए हम प्रत्येक स्तर पर सभी मौकों को देख रहे हैं। जब तक यह हमारे एयरलाइन पोर्टफोलियो में वैल्यू जोड़ सकता है, तब हम देखेंगे।




### बेचने इसी माह बिडिंग प्रस्ताव ला सकती है सरकार

बता दें कि केंद्र सरकार इस महीने देश की सरकारी विमानन कंपनी एयर इंडिया की 100 फीसदी हिस्सेदारी बेचने के लिए बिडिंग प्रस्ताव ला सकती है। एयर इंडिया पर करीब 58,000 करोड़ रुपए का कर्ज है। इसके अलावा कंपनी के संचालन में भी हजारों करोड़ रुपए का घाटा हो चुका है।

### जेएलआर बेचने की अफवाहों पर सफाई

टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) को लेकर चल रही तमाम अफवाहों पर स्थिति साफ की है। उन्होंने जेएलआर को बेचने से इनकार किया है।

### ग्रुप लेवल के अवसर पर करेंगे विचार

टाटा ग्रुप के चेयरमैन ने कहा, इस पर सरकार से कोई बातचीत नहीं हुई है। लेकिन इसे खरीदने पर विचार कर सकते हैं? उन्होंने कहा, ग्रुप लेवल पर कोई अवसर बनता है तो हम इस पर गौर कर सकते हैं।

### अर्थव्यवस्था धीमी हो गई

टाटा ग्रुप के चेयरमैन ने कहा कि मुझे लगता है कि अर्थव्यवस्था धीमी हो गई है, क्योंकि इसके बारे में काफी बात की गई है। आप देख सकते हैं कि कुछ सेक्टर्स में दबाव है। हमें उन्हें वापस आते हुए देख सकते हैं। कुछ सेक्टर्स में इम्प्रूवमेंट हो रहा है, लेकिन इसमें ग्रोथ के लिए अभी और समय देना होगा।

## खबर संक्षेप

### इंडिगो का सिस्टम 10 घंटे बाद ठीक हुआ

**नई दिल्ली।** इंडिगो एयरलाइंस का सिस्टम आज सुबह 4:29 पर डाउन हो गया। इससे देशभर में उड़ानों का संचालन प्रभावित रहा। कुछ उड़ानों में देरी भी हुई। दोपहर को कंपनी ने सिस्टम के ठीक होने का ऐलान कर दिया। हालांकि, यात्रियों से कहा गया कि स्थितियों के सामान्य होने में समय लगेगा, इसलिए वे अपनी फ्लाइट की जानकारी लेते रहें। ऑनलाइन टिकट बुक नहीं होने के बावजूद इंडिगो स्टाफ ने मैन्युअल बुकिंग जारी रखी। इससे इंडिगो के चेक-इन काउंटर पर यात्रियों की लंबी लाइनें लग गईं। इंडिगो ने यात्रियों से माफी मांगते हुए कहा कि किसी भी तरह की मदद के लिए कस्टमर केयर या सोशल मीडिया के जरिए संपर्क कर सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इंडिगो का सिस्टम चार महीने में दूसरी बार डाउन हुआ है।

### एचडीएफसी का लाभ 76 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** आवास क्षेत्र में ऋण देने वाली कंपनी एचडीएफसी का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 76.3 प्रतिशत बढ़कर 10,748.69 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी ने बीएसई को बताया कि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 6,096.85 करोड़ रुपए रहा था।

### सेंसेक्स नए रिकॉर्ड स्तर पर, निफ्टी भी चढ़ा

**मुंबई।** बंबई शेयर बाजार का सेंसेक्स 137 अंक की बढ़त के साथ 40,302 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। सकारात्मक वैश्विक रुख के बीच सूचना प्रौद्योगिकी, धातु और वित्तीय कंपनियों के शेयरों में लाभ से बाजार में तेजी रही। बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स लगातार सातवें कारोबारी सत्र में लाभ के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 136.93 अंक या 0.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ 40,301.96 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स दिन के कारोबार में एक समय 40,483.21 अंक के स्तर तक पहुंच गया।

## बीमा : एलआईसी ने बीमाधारकों को दी सौगात

# दो साल से ज्यादा बंद पड़ी बीमा पॉलिसी अब हो सकती है चालू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार के स्वामित्व वाली भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने दो साल से ज्यादा समय से लैप्स चल रही बीमा पॉलिसी को फिर से चालू करने की अनुमति दे दी है।

- एलआईसी ने इरडा से संपर्क कर ग्राहकों को पहुंचाया फायदा

इस कदम से एलआईसी के साथ लंबे समय तक जुड़े रहने वाले बीमाधारकों की संख्या में इजाफा होगा, जिसका आकलन परसिस्टेंसी अनुपात के रूप में भी किया जाता है। एलआईसी ने एक बयान में कहा कि अभी तक दो साल से ज्यादा वक्त से लैप्स पड़ी बीमा पॉलिसी को फिर से शुरू किए जाने की अनुमति नहीं थी।

**खास बातें**

- लंबे समय से जुड़े बीमाधारकों की संख्या बढ़ेगी
- आकलन परसिस्टेंसी अनुपात के रूप में होता है
- पहले दो साल से ज्यादा लैप्स पॉलिसी को नहीं थी अनुमति




### 1 जनवरी 2014 के बाद वालों को भी फायदा

नए प्रावधान के तहत अब 1 जनवरी, 2014 के बाद पॉलिसी खरीदने वाले बीमाधारक भी अपनी नॉन-लिंक्ड पॉलिसी को पहली बार प्रीमियम नहीं जमा करने के पांच साल के भीतर और यूनिट लिंक्ड पॉलिसी को तीन साल के भीतर फिर से चालू कर सकते हैं। ग्राहक को मिलेगी वित्तीय सुरक्षा एलआईसी के प्रबंध निदेशक विपिन आनंद ने कहा कि ऐसा कई बार देखा गया है कि मुश्किल परिस्थितियों में कोई प्रीमियम जमा करने में नाकाम रहता है, तो पॉलिसी लैप्स हो जाती है। पुरानी पॉलिसी को बंद करने और नई पॉलिसी से बीमा सुरक्षा बहाल करने के बजाय उसे दोबारा चालू करना ज्यादा उचित होता है।

*पहले पॉलिसी चालू नहीं की जा सकती थी : लेकिन अब इन्हें फिर से चालू किया जा सकेगा। 1 जनवरी, 2014 को लागू हुए इरडा उत्पाद विनियमन, 2013 में पहली बार प्रीमियम जमा करने से चूकने के दो साल के बाद पॉलिसी लैप्स होने का प्रावधान कर दिया गया था। वहीं, 1 जनवरी, 2014 के बाद ली गई सभी पॉलिसी का प्रीमियम अगर दो साल तक नहीं भरा जाए तो उन्हें फिर से चालू नहीं किया जा सकता था। बीमाधारकों के लिए बढ़ाया दायरा एलआईसी ने कहा कि जीवन कवर के विस्तार के उद्देश्य से कंपनी ने इरडा से संपर्क किया था और 1 जनवरी, 2014 से पहले पॉलिसी खरीदने वाले बीमाधारकों के लिए लंबे समय बाद भी बीमा चालू करने का फायदा दिया गया था।*

### बीमा खरीदना सबसे समझदारी भरा फैसला

आनंद ने कहा, 'जीवन में एक व्यक्ति के लिए जीवन बीमा खरीदना सबसे समझदारी भरे फैसलों में से एक है। लैप्स हो चुकी पॉलिसी को दोबारा शुरू कराने वाले उपभोक्ताओं को पूर्व में सुनिश्चित सभी वित्तीय सुरक्षा भी प्रदान की जाएगी।'

### ग्राहकों का आकलन करेगी

एलआईसी लैप्स हो चुकी पॉलिसी को रिन्यू कराने के लिए आवेदन करने वाले ग्राहकों का कंपनी आकलन करेगी। इसके लिए परसिस्टेंसी अनुपात के जरिए ग्राहकों के बीमा कंपनियों के साथ लंबे समय से जुड़े रहने के बारे में आकलन किया जाएगा। ऐसे ग्राहक जो वर्ष के अंत में नवीनीकरण प्रीमियम जमा करते हैं या पॉलिसी के अवधि के आधार पर लंबे समय के लिए जुड़े रहते हैं, उनका परसिस्टेंसी अनुपात बेहतर होता है।



### दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों की सहायता के लिए 41 स्वयंसेवकों ने दिन-रात कार्य किया

**नई दिल्ली।** दशहरा, दीपावली और छठ पूजा जैसे उत्सवों के दौरान भारतीय रेलवे पर यात्रियों के आवागमन में वृद्धि हो जाती है। उत्तर रेलवे के नागरी सुरक्षा स्वयंसेवकों द्वारा दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख रेलवे स्टेशनों, विशेष रूप से नई दिल्ली और आनंद विहार टर्मिनल पर पर्वों की अवधि के दौरान भीड़-भाड़ के प्रबंधन को सुचारू रूप से व्यवस्थित करने में भूमिका निभाई गई। उत्तर रेलवे के विभिन्न विभागों के 41 स्वयं-सेवकों ने रेलयात्रियों की सहायता में अनवरत कार्य किया। इन स्वयंसेवकों द्वारा भीड़-भाड़ प्रबंधन, रेलगाड़ियों से दिव्यांगजनों को उतारने और उन्हें गाड़ी में चढ़ाने, अपने परिवारों से बिछड़ गये बच्चों को फिर से उनके परिवारों से मिलाने और खोए हुए सामान के संबंध में निरन्तर उदघोषणाएं कराने में सहायता की।



### सतर्कता जागरूकता रैली का आयोजन

**नई दिल्ली।** भारत सरकार द्वारा दिनांक 28 अक्टूबर 2019 से 02 नवंबर 2019 तक 'सतर्कता जागरूकता अभियान' चलाया गया है। इस प्रमुख अभियान को सफल बनाने हेतु पंजाब एण्ड सिंध बैंक, अंचल गुरुग्राम ने 01 नवंबर 2018 को आंचलिक प्रबंधक श्री अमोलक सिंह के नेतृत्व में सतर्कता जागरूकता रैली का आयोजन किया, जिसमें अंचल गुरुग्राम, प्रधान कार्यालय सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, प्रधान कार्यालय निरीक्षण विभाग और स्थानीय शाखाओं के कर्मचारियों ने भाग लिया। रैली में भ्रष्टाचार मुक्त समाज का संदेश दिया गया।

### टाटा पावर नई इकाई का गठन करेगी

**नई दिल्ली।** टाटा पावर ने एक नई इकाई टीपी रिन्यूएबल माइक्रोग्रिड के गठन की घोषणा की है। यह इकाई देश में 50 लाख घरों को बिजली उपलब्ध कराने के लिए 10,000 माइक्रोग्रिड स्थापित करेगी। टीपी रिन्यूएबल माइक्रोग्रिड का गठन रॉकफेलर फाउंडेशन के साथ सहयोग में किया जाएगा। रॉकफेलर फाउंडेशन इस उद्देश्य को हासिल करने के लिए तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराएगा।

## अटल पेंशन योजना के सदस्यों की संख्या बढ़कर 1.9 करोड़ से ज्यादा


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के सदस्यों की संख्या 1.9 करोड़ से अधिक हो गई है। यह जानकारी पेंशन फंड नियामक पीएफआरडीए ने दी। असंगठित क्षेत्र के कामगारों को सामाजिक सुरक्षा देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने यह योजना शुरू की है।

- असंगठित क्षेत्र के कामगारों को सामाजिक सुरक्षा दी गई
- खाते खोलने में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का बड़ा योगदान रहा

नियामक ने बयान में कहा कि नामांकन बढ़ने का मुख्य कारण नए अटल पेंशन खाते खोलने के लिए बैंकों को दिए गए लक्ष्यों का पूरा होना है।

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण ने कहा, चालू वित्त वर्ष में अटल पेंशन योजना के नामांकन को अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। 31 अक्टूबर 2019 तक अटल पेंशन योजना के 36 लाख से ज्यादा खाते खोले गए हैं। यह 33 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। एक साल पहले की इसी अवधि में वृद्धि 26 प्रतिशत थी। 36 लाख एपीवाई खातों में 27.5 लाख खाते सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों , 5.5 लाख खाते क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और करीब तीन लाख खाते निजी बैंक और भुगतान बैंक द्वारा खोले गए हैं।




सार्वजनिक बैंक में , भारतीय स्टेट बैंक का योगदान सबसे अधिक रहा। उसने 11.5 लाख अटल पेंशन खाते जोड़े। इसके बाद कैनरा बैंक और बैंक ऑफ इंडिया का नंबर है।

## सोने में 78, चांदी में 245 रुपए की तेजी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शादी विवाह के सीजन की मांग के कारण दिल्ली सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 78 रुपए की तेजी के साथ 39,263 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई।

- सोना बढ़कर 39,263 रु. प्रति दस ग्राम

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, भारतीय शादी विवाह के सीजन की मांग शुरू होने से सोमवार को दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 78 रुपए ऊंचा बोला गया।शनिवार को सोने का भाव 39,185 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।



### चांदी 47,735 रु. किलो

सोमवार के कारोबार में चांदी भी 245 रुपए की तेजी के साथ 47,735 रुपए प्रति किलोग्राम पर बोली गई। इसका पिछला बंद भाव 47,490 रुपए प्रति किलोग्राम था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना और चांदी दोनों के भाव में नरमी थी।

### बैंकों के ऋण की वृद्धि दर घटने का अनुमान: इक्रा

**नई दिल्ली।** बैंकों के ऋण में वृद्धि की दर पिछले वित्त वर्ष के 13.3 प्रतिशत से कम होकर चालू वित्त वर्ष में 8-8.5 प्रतिशत पर आ सकती है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने एक रिपोर्ट में यह कहा। इक्रा ने कहा कि बैंकों के ऋण की वृद्धि दर में कमी आने का मुख्य कारण चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में ऋण कारोबार ज्यादा नहीं बढ़ा है। एजेंसी ने कहा, संकट को देखते हुए कोई बांड बाजार में दाव लगाने को तैयार नहीं है, इससे बकाया बांडों में वृद्धि की सालाना दर इस दौरान करीब चार प्रतिशत पर आ सकती है जो पिछले साल 12 प्रतिशत थी ।

## इफको ने की नैनो उत्पादों के परीक्षण की घोषणा

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

उर्वरक क्षेत्र की दुनिया की सबसे बड़ी सहकारी संस्था इफको ने नैनो प्रौद्योगिकी आधारित उत्पादों - नैनो नाइट्रोजन, नैनो जिंक व नैनो कॉपर के परीक्षण की घोषणा की है।

इफको का दावा है कि इन उर्वरकों के इस्तेमाल से उर्वरकों का इस्तेमाल की आवश्यकता कम होने के साथ साथ फसलों की पैदावार सुधर सकती है। साथ में इन उर्वरकों के लिए अपेक्षाकृत बेहतर होगा।

**मोदी का सपना होगा साकार :** केन्द्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री सदानंद गौड़ा ने आयोजित इस कार्यक्रम में इफको के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इफको के इस कदम से वर्ष 2022 तक किसानों की आमदनी दोगुनी करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों को साकार करने में मदद मिलेगी।

### देश में पहली बार आएगा नैनो उत्पाद

इस क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास करने तथा भारत में पहले पहल नैनो उत्पाद लाने की घोषणा करने के लिए उन्होंने इफको के प्रबंध निदेशक डॉ. उदय शंकर अवस्थी और उनकी पूरी टीम को बधाई दी।

### कलोल संयंत्र में होगा विकास

अवस्थी ने यह भी कहा कि इफको द्वारा गुजरात के कलोल में स्थापित विश्वस्तरीय प्रयोगशाला में विकसित किए गए इन तीन उत्पादों से मिट्टी, किसान और पर्यावरण को फायदा मिलेगा और परंपरागत उर्वरकों की खपत में 50 प्रतिशत तक की कमी आएगी।

### पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य सतर्कता अधिकारी का अमृतसर में आगमन

नई दिल्ली। दिनांका 01-11-2019 को पंजाब नेशनल बैंक के केंद्रीय कार्यालय दिल्ली में कार्यरत मुख्य सतर्कता अधिकारी वीके त्यागी ने अमृतसर का दौरा किया। इस दौरान त्यागी जी ने बैंक के लगभग 32 स्टाफ सदस्यों के साथ बाघा बार्डर गए जहां पर उनका कार्यक्रम रिट्रीट परेड सरेमनी स्थन पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह के प्रति लोगों को जागरूक करना था। उन्होंने परेड स्थल पर बताया कि देश भर में सार्वजनिक एवं सरकारी उपक्रम केंद्रीय सतर्कता आयोग की पहल पर जागरूकता सप्ताह 28-10-2019 से 02-11-2019 तक मना रहे हैं।

**NOTICE**

I, Shashi Kala D/o Hari Narayan R/o H. NO. B-39, Sanwal Nagar, Near Sadiq Nagar, New Delhi-49 declare that I have changed my name from SHASHI to SHASHI KALA for all purposes. In future I will be known as SHASHI KALA.

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**ज्योतिष**

INDIA'S No. 1
तंत्र-मंत्र के सम्राट, गोल्ड मेडलिस्ट
खुदा ने चाहा तो आपका प्यार टूटने नहीं दूँगा
11मिनटो में फोन पर घर बैठे
कठिन समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान
जैसे वशीकरण, लवमैरिज, पति-पत्नी मे अनबन गृहक्लेश, सौतन-दुश्मन, लॉटरी-सटटा फिल्म मॉडलिंग गढ़ाधन, कर्ज,कारोबार मे बंदिश, विदेश-यात्रा आदि।
प्यार में धोखा खाये प्रेमी प्रेमिका वशीकरण एवं लव मैरिज कराने हेतु एक बार अवश्य फोन करें।
स्पेशलिस्ट वशीकरण व मुठकरनी Reg No. 5568
बाबा शकवात बंगाली
काम ना होने पर पैसे वापस
09870155846

भारत के नं. 1
पहले जानो फिर मानो
तांत्रिक शक्तियों के सम्राट
मियाँ खान बंगाली
घर बैठे तुरंत समाधान 11 मिनटों में
वशीकरण, मुठकरनी स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, तलाक, गृहक्लेश मनचाही शादी, संतान प्राप्ती विदेश यात्रा, सास बहु में अनबन
जब कहीं ना हो काम तो हमसे लें समाधन
सौतन व दुश्मन छुटकारा कारोबार, गड़ा धन
मेरे किए को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
प्रेम विवाह, घरवालों को मनाना दुःख, बीमारी दवा ना लगना
8755856653

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**ज्योतिष**

हमसे पहले काम करने वालों को मुंहमांगा ईनाम
खुला चैलेंज तंत्र मंत्र सम्राट
घर बैठे 2 घंटे में समाधान
गुरू मिर्जा खान बंगाली
स्पेशलिस्ट वशीकरण मुठकरनी
प्रेमविवाह, सौतन, दुश्मन से छुटकारा पति, पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा रूठे को मनाना, कारोबार, तलाक में बाधा, संतान या विदेश यात्रा में रूकावट सभी जगह से निराश फोन करें
9818053315
9871929265

17 सालो से एक स्थान पर
बाबा बली शाह
5 घंटो मे 100% गारंटिड समाधान जैसे मनचाही शादी, मनचाहा प्यार, रूठे को मनाना, कारोबार, पति-पत्नी मे अनबन, प्यार में धोखा खायें मिलें, सौतन/दुश्मन छुटकारा, जादू-टोना
स्पे. वशीकरण, मुठकरणी आदि
9917598041
Fees ₹200/-
पता : राजौरी गार्डन मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

**ज्योतिष**

मेरे किये हुये काम को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
17 सालो से एक स्थान पर
खुला चैलेंज
गुरू पाशा जी बंगाली
3 घंटे में 101% गारंटिड समाधान जैसे मनचाहा प्यार, मनचाही शादी में रूकावट, रूठे को मनाना, प्यार में धोखा खाये मिले, कारोबार में बंदिश, पति-पत्नी में अनबन, बिमारी में दवा ना लगना, सास-बहू में झगड़ा, जादू-टोना, चौकी छोड़ने के माहिर
स्पे. महामुठकरणी व वशीकरण सौतन व दुश्मन छुटकारा
8929377723
www.gurupashaji.com Fees ₹200/-
पता : रमेश नगर मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

मेरा किया जो काटे उसे मुंहमांगा ईनाम
तंत्र मंत्र सम्राट भारत के नं0 1
पंडित अर्जुन शर्मा
शक्ति चमत्कार देखें 21 मिनटों में घर बैठे समाधान
स्पेशलिस्ट महावशीकरण मुठकरनी
मनचाहा प्यार, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, नौकरी, कारोबार, विदेश यात्रा में बाधा, मुकदमा, गड़ा धन, प्यार में धोखा आदि । हर जगह से निराश हो चुके हों तो एक फोन आपकी जिंदगी बदल देगा ।
9012661598
8191087356

**चिकित्सा**

बढ़ाइये अपनी सुंदरता का साइज
अविकसित व छोटे ब्रेस्ट को टाइट सुडोल,आकर्षक व खूबसूरत बनायें। घर बैठे दवा मंगायें।
15 दिनों में फर्क देखें फोन करें फ्री सलाह लें
1250/- महीना
दीपक आयुर्वेदा
रमणीक कॉमप्लैक्स,दुकान न. 22, तिकोना पार्क, NIT फरीदाबाद
0129-4310055
0129-4310066

**लोन**

☞ JANDHAN FINANCE नोफाईलचार्ज नोगारंटर 1974 से आपकी सेवा में सभी बैंकों द्वारा मार्कशीट, आधार कार्ड, बिजनेस लोन घरबैठे 24 घंटों में पायें 1% ब्याज, 50% छूट एजेंट चाहिए 94520-91025

**लोन**

☞ दिवाली धमाका ऑफर महिन्द्रा फाइनेंस द्वारा आधारकार्ड मार्कशीट प्रोप्टर्टी पर्सनल बिजनेस समस्त लोन घर बैठे पाऐं फाइल चार्ज लोन से कटेगा महिलाओं के लिए विशेष छूट 2% ब्याज छूट 50% Mb. 88084-14358

**टावर**

☞ भारतीय टॉवर द्वारा जमीन, खेत, छत पर 4G टॉवर लगवायें एडवांस 90 लाख, मासिक किराया 45000/- + 1 नौकरी + सैलरी 24000/- एग्रीमेंट सहित (खर्चा साईट पास होने के बाद), काम हमारा विश्वास जीतना 80044-04132

**लोन**

☞ Mittal India Finance कम्पनी देश की नम्बर-1 Company सभी प्रकार के लोन BPL कार्ड, पर्सनल, मार्कशीट पर 8th, 10th, 12th लोन घर बैठे 24 घंटों में प्राप्त करें, ग्रामीण शहर विकास योजना के अंतर्गत 0% ब्याज, 30% सब्सिडी 50 लाख तक लोन महिलाएँ, विद्यार्थी के लिए छूट धोखे से सावधान वाट्सऐप नं. 63976-88983

**चिकित्सा**

शराब छुड़वायें हमेशा के लिए
बिना लाये बिना बताये वो भी सिर्फ 7 दिन में
शराब, स्मैक, अफीम, चरस, गांजा आदि
दुर्गा आयुर्वेदा
9717530680
9917617243

## खबर संक्षेप



### बायर्न म्यूनिख ने कोच निको को बर्खास्त किया

**बर्लिन।** जर्मनी की चैंपियन बायर्न म्यूनिख की एंट्रैच फ्रेंकफर्ट के खिलाफ 1-5 से हार के एक दिन बाद क्लब ने कोच निको कोवाच को बर्खास्त कर दिया। बुंदेसलीगा में एक दशक में बायर्न म्यूनिख की यह सबसे बड़ी हार है। क्लब ने बयान में कहा, 'एफसी बायर्न म्यूनिख ने कोच निको कोवाच को उनकी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया है।' बायर्न म्यूनिख के अध्यक्ष उली होएनेस, चेयरमैन कार्ल हेंज रुमेनिगे, खेल निदेशक हसन सालिहामिदजिक और कोवाच के बीच बातचीत के बाद आपसी सहमति से यह फैसला किया गया।

### गुरुग्राम में एशिया प्रशांत गोल्फ सम्मेलन शुरू

**गुरुग्राम।** एशिया प्रशांत गोल्फ सम्मेलन (एपीजीएस) सोमवार को यहां शुरू हुआ जिसका आयोजन पहली बार भारत के गुरुग्राम में किया जा रहा है।



एपीजीएस को पर्यटन मंत्रालय का समर्थन हासिल है। एपीजीएस के 13वें सत्र का आयोजन छह नवंबर तक डीएलएफ गोल्फ एवं कंट्री क्लब में किया जाएगा। इस वार्षिक सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय वक्ता 'ए 5जी माइंडसेट फोर गोल्फ्स फ्यूचर इन एशिया' विषय के संदर्भ में गोल्फ के विभिन्न संचालन और व्यावसायिक पहलुओं पर चर्चा करेंगे।

### भारत, बांग्लादेश की टीम का जताया आभार



**नई दिल्ली।** बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने राष्ट्रीय राजधानी में काफी अधिक वायु प्रदूषण के बावजूद पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए सहमत होने पर सोमवार को भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और बांग्लादेश क्रिकेट टीम को धन्यवाद दिया। रविवार को मैच के दिन भी प्रदूषण काफी अधिक था। गांगुली ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर लिखा, 'मुश्किल हालात में यह मैच खेलने के लिए दोनों टीमों को धन्यवाद @रोहित शर्मा @बांग्लादेश टीम। शानदार प्रदर्शन किया बांग्लादेश।'

### जाधव ने इंडिया बी को दिलाई देवधर ट्रॉफी

**नई दिल्ली।** रांची के झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन इंटरनेशनल क्रिकेट कॉम्प्लेक्स में इंडिया सी और इंडिया बी के बीच देवधर ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला खेला गया। केदार जाधव ने दमदार पारी



खेलकर इंडिया बी को जिता दिया। इंडिया बी ने इंडिया सी टीम को 51 रनों से मात दी है। इंडिया बी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 283 रन बनाए। इंडिया बी की ओर से जाधव ने 94 गेंदों में 86 रन की पारी खेली। 284 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया सी की टीम 9 विकेट के नुकसान पर 232 रन ही बना पाई।

### भारत के गैर खिलाड़ी कप्तान होंगे राजपाल

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय खिलाड़ी और अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) की चयन समिति के अध्यक्ष रोहित राजपाल को सोमवार को पाकिस्तान के खिलाफ उसकी सरजमीं पर होने वाले आगामी डेविस कप मुकाबले के लिए भारत का गैर खिलाड़ी कप्तान बनाया गया। इस तरह की अटकलें थी कि अनुभवी लिएंडर पेस को इस पद के लिए चुना जा सकता है क्योंकि शीर्ष खिलाड़ियों और कप्तान महेश भूपति के हटने के बाद उन्होंने स्वयं को उपलब्ध रखा था। भारत के सुरक्षा संबंधी चिंता जताने के बाद इस्लामाबाद में 29 और 30 नवंबर को होने वाले इस मुकाबले को पहले ही एक बार स्थगित किया जा चुका है।

## आईसीसी चैंपियनशिप : तीन मैचों की वनडे श्रृंखला 1-1 से बराबर

# पूनम की फिफ्टी और स्पिनरों की फिरकी से भारत ने वेस्टइंडीज को 53 रन से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶ नार्थ साउंड

पूनम राउत के अर्धशतक के बाद स्पिनरों की फिरकी के जादू से भारत ने आईसीसी महिला चैंपियनशिप के दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में रविवार को यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ 53 रन से जीत दर्ज की। भारत के 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की टीम 47.2 ओवर में 138 रन पर ढेर हो गई जिससे मेहमान टीम ने तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर करा दी।

**खास बातें**

- राउत (77), कप्तान मिताली (40) और हरमनप्रीत ने बनाए 46 रन
- तीसरा और अंतिम एकदिवसीय मैच कल खेला जाएगा

बाएं हाथ की स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ (27 रन पर दो विकेट), लेग स्पिनर पूनम यादव (26 रन पर दो विकेट) और आफ स्पिनर दीप्ति शर्मा (25 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाकर मेजबान टीम की पारी को समेटने में अहम भूमिका निभाई। इससे पहले टास जीतकर बल्लेबाजी करने वाले भारत की शुरुआत खराब रही। टीम ने जल्द ही सलामी बल्लेबाजों प्रिया पूनिया (05) और जेमिमा रोड्रिग्ज के विकेट गंवा दिए जिससे नौ ओवर में टीम का स्कोर दो विकेट पर 17 रन हो गया। पूनम (77), कप्तान मिताली राज (40) और उप कप्तान हरमनप्रीत कौर (46) ने इसके बाद उम्दा बल्लेबाजी करते हुए टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।



### पूनम-कौर ने जोड़े 93 रन

*पूनम और मिताली ने तीसरे विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी की। दोनों ने चार-चार चौके मारे। शेनेटा ग्रिमोंड ने 29वें ओवर में मिताली को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। पूनम को इसके बाद हरमनप्रीत के रूप में भरोसेमंद साथी मिली। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी की। हरमनप्रीत के 48वें ओवर में आलिया एलेन की गेंद पर बोल्ड होने से यह साझेदारी टूटी। वेस्टइंडीज की ओर से आलिया (38 रन पर दो विकेट) और एफी फ्लेचर (32 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए जबकि शाबिका गजनबी (23 रन पर एक विकेट) और ग्रिमोंड (22 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट हासिल किया।*

### वेस्टइंडीज की खराब शुरुआत

*लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की शुरुआत भी खराब रही। टीम ने चौथे ओवर में ही सलामी बल्लेबाज स्टेसी आन किंग (06) का विकेट गंवा दिया। उन्हें शिखा पांडे (19 रन पर एक विकेट) ने बोल्ड किया। मेजबान टीम को 25वें ओवर में बड़ा झटका लगा जब सलामी बल्लेबाज नताशा मैकलीन (15) रिटायर्ड हर्ट हो गईं। कप्तान स्टेफनी टेलर (20) और शेमाइन कैंपबेल (39) ने इसके बाद पारी को संभाला लेकिन रन गति में इजाफा करने में नाकाम रहीं। पूनम यादव ने स्टेफनी को पगबाधा करके यह साझेदारी तोड़ी। भारतीय स्पिनरों ने नियमित अंतराल पर विकेट चटकाकर मेजबान टीम पर लगातार दबाव बनाए रखा और अंततः पूरी टीम 47 .2 ओवर में ढेर हो गई।*

## नडाल एक साल बाद फिर बने वर्ल्ड नंबर-1



एजेंसी ▶▶ पेरिस

स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल सोमवार को ठीक एक साल बाद फिर से दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन गए। उन्होंने नोवाक जोकोविच की जगह ली है जो दूसरे नंबर पर खिसक गए हैं। नडाल इससे पहले चार नवंबर 2018 को नंबर एक पर काबिज थे। यह आठवां अवसर है जबकि 33 वर्षीय यह खिलाड़ी शीर्ष पर पहुंचा है। वह 1973 के बाद एटीपी रैंकिंग में नंबर एक की कुर्सी पर काबिज होने वाले दूसरे उम्रदराज खिलाड़ी हैं।

फेडरर 2018 में 36 साल की उम्र में नंबर एक बने थे। नडाल का प्रयास अब साल के आखिर में नंबर एक पर बने रहना होगा। अगर वह ऐसा करने में सफल रहते हैं तो साल के आखिर में नंबर एक पर काबिज रहने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएंगे। उन्हें हालांकि लंदन में होने वाले एटीपी टूर फाइनल्स के फिट होना होगा। अगर नडाल इसमें नहीं खेलते हैं और जोकोविच फाइनल में पहुंच जाते हैं तो फिर सर्बियाई खिलाड़ी फिर से शीर्ष पर पहुंच जाएगा। नडाल पहली बार अगस्त 2008 में शीर्ष पर पहुंचे थे। वह अब तक 197 सप्ताह (वर्तमान सप्ताह सहित) नंबर एक रह चुके हैं। फेडरर 1973 के बाद सर्वाधिक 310 सप्ताह शीर्ष पर काबिज रहे हैं। उनके बाद पीट संप्रास (286), जोकोविच (275), इवान लेंडल (270), जिम्मी कोनर्स (268) और नडाल का नंबर आता है।

## राजकोट टी-20 मैच पर मंडराया 'महा' संकट

एजेंसी ▶▶ राजकोट



भारतीय टीम 7 नवंबर को दूसरे मुकाबले में राजकोट में बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी लेकिन मैच के आयोजन पर आशंका जताई जा रही है। भारत दौरे पर आने के बाद दिल्ली के दूषित वातावरण की वजह से पहला टी20 मुश्किल में नजर आ रहा था। अब राजकोट में खेला जाने वाली सीरीज का दूसरा मुकाबला बारिश की वजह से रद्द हो सकता है। महा चक्रवात की वजह से रोजकोट में खेले जाने वाले मुकाबले पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। अरब सागर में उठा गंभीर चक्रवाती तूफान 'महा' के बुधवार 6 नवंबर को गुजरात तट से टकरा की संभावना जताई जा रही है।

## आईपीएल में 'पावर प्लेयर' लाने पर विचार, बीच मैच बदलेगा खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) दुनिया की सबसे सफल क्रिकेट लीगों में शामिल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में बड़ा बदलाव करने की योजना बना रहा है।

बोर्ड लीग के अगले संस्करण में 'पावर प्लेयर' का नियम लाने पर विचार कर रहा है। इस नियम के तहत टीम मैच में कभी भी विकेट गिरने के बाद या ओवर खत्म के बाद खिलाड़ी को बदल सकती है। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि इस विचार को मंजूरी तो मिल गई है, लेकिन इस पर मंगलवार को मुंबई स्थित बीसीसीआई मुख्यालय में होने वाली आईपीएल गवर्निंग काउंसिल की बैठक में विस्तृत चर्चा की जाएगी।

### अंतिम-11 के बजाए 15 खिलाड़ी चुनने का प्लान

अधिकारी ने कहा, 'हम ऐसी स्थिति पर विचार कर रहे हैं जहां टीमों को अंतिम-11 के बजाए 15 खिलाड़ियों को चुनना हो और एक खिलाड़ी को मैच के दौरान कभी भी विकेट गिरने के बाद या ओवर खत्म होने के बाद बदला जा सके। हम इसे आईपीएल में लाने की सोच रहे हैं, लेकिन आगामी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में इस नियम को लागू करना सही होगा।'

## हैमिल्टन ने जीता छठा विश्व खिताब शुमाकर के रिकार्ड के करीब पहुंचे

- हैमिल्टन ने 150वीं बार पोडियम पर बनाई जगह
- लगातार 31वीं बार अंक हासिल करने में रहे सफल

एजेंसी ▶▶ आस्टिन



लुईस हैमिल्टन ने रविवार को यहां अमेरिकी ग्रां प्री में मर्सीडीज टीम के अपने साथी वालटेरी बोटास के पीछे दूसरे स्थान पर रहते हुए छठी बार फार्मूला वन विश्व खिताब जीत लिया। ब्रिटेन के 34 साल के हैमिल्टन ने ग्रिड पर पांचवें जबकि फिनलैंड के बोटास ने पहले स्थान से शुरुआत की थी। हैमिल्टन ने दो बार रेस में बढ़त बनाई लेकिन जब सिर्फ तीन लैप बचे थे तब बोटास ने उन्हें पीछे छोड़ दिया। हैमिल्टन टीम के अपने साथी ड्राइवर को इसके बाद पीछे नहीं छोड़ पाए लेकिन उन्होंने रेड बुल के मैक्स वेरस्टापेन को आगे नहीं निकलने दिया। हैमिल्टन ने 150वीं बार पोडियम पर जगह बनाई जबकि लगातार 31वीं बार अंक हासिल करने में सफल रहे। हैमिल्टन का यह छठा विश्व खिताब है और वह माइकल शुमाकर के रिकार्ड सात खिताब से सिर्फ एक खिताब पीछे हैं। उन्होंने इससे पहले 2008, 2014, 2015, 2017 और 2018 में खिताब जीता था।

## श्रीकांत ने नाम वापस लिया, सिंधू और साइना की नजरें चीन ओपन खिताब पर

एजेंसी ▶▶ फुझोउ

शीर्ष भारतीय पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने चीन ओपन से नाम वापस ले लिया लेकिन महिलाओं में शीर्ष खिलाड़ी पीवी सिंधू और साइना नेहवाल मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सात लाख डालर इनामी राशि वाले इस टूर्नामेंट से लय हासिल करने के साथ खिताब जीतने की कोशिश करेंगे।

विश्व रैंकिंग में पूर्व नंबर एक भारतीय खिलाड़ी श्रीकांत को मौजूदा विश्व चैंपियन और नंबर एक खिलाड़ी जापान के केंटो मोमोटा से भिड़ना था लेकिन उन्होंने टूर्नामेंट में भाग नहीं लेने का फैसला किया। भारत की नजरें सिंधू और साइना के खेल पर होगी जिनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीदें हैं। एकल में इन दोनों महिला खिलाड़ियों के अलावा युगल में सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष जोड़ी से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जिन्होंने पिछले महीने फ्रेंच ओपन के फाइनल तक का सफर तय किया था। भारतीय जोड़ी हालांकि उपविजेता रही थी। बीडब्लूएफ विश्व टूर सुपर 750 टूर्नामेंट में बी साई प्रणीत, समीर वर्मा, एचएस प्रणाय, पूर्व राष्ट्रमंडल चैंपियन पारुपल्ली कश्यप भी पुरुष एकल में अपनी चुनौती पेश करेंगे।



## रीयल कश्मीर : मिला 'बाफ्टा स्काटलैंड' पुरस्कार 2019

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रीयल कश्मीर फुटबाल क्लब पर बने एक वृत्तचित्र को स्काटलैंड के ग्लास्गो में रंगारंग समारोह में प्रतिष्ठित 'ब्रिटिश एकेडमी आफ फिल्ड एंड टेलीविजन अवाड्र्स' (बाफ्टा) 2019 पुरस्कार के लिए चुना गया। इस वृत्तचित्र में रीयल कश्मीर एफसी टीम के कोच के रूप में रेंजर्स टीम के पूर्व स्टार डेविड रोबर्टसन की यात्रा को दर्शाया गया है। रोबर्टसन के मार्गदर्शन में रीयल कश्मीर एफसी की टीम भारत की तत्कालीन शीर्ष दर्जे की फुटबाल लीग आईलीग में अपने पहले ही सत्र में तीसरे स्थान पर रही थी। इस साल बीबीसी स्काटलैंड पर दिखाई गई इस एक घंटे की फिल्म को 'एकल वृत्तचित्र' वर्ग में पुरस्कार के लिए चुना गया। इस वृत्तचित्र के निर्देशक ग्रेग क्लार्क को भी निर्देशन के एक वर्ग में नामित किया गया था लेकिन वह मैट पाइंडर से पिछड़ गए।

## पंत की 'रिव्यू' नाकामी का रोहित ने किया बचाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जब सटीक 'रिव्यू' की बात आती है तो महेंद्र सिंह धोनी का नाम एकदम से जेहन में आ जाता लेकिन सीमित ओवरों के प्रारूप में उनके उत्तराधिकारी ऋषभ पंत बांग्लादेश के खिलाफ रविवार को यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इस मोर्चे पर पूरी तरह से नाकाम रहे जिसके लिए कप्तान रोहित शर्मा ने उनका बचाव किया। वह मैच का दसवां ओवर था जबकि डीआरएस को लेकर फैसले भारत के खिलाफ गए और आखिर में यह गलती टीम को महंगी पड़ी और उसे पहली बार बांग्लादेश से हार का सामना करना पड़ा। लेग स्पिनर चहल के इस



ओवर की तीसरी गेंद पर मुशफिकुर रहीम पगबाधा आउट थे लेकिन भारत ने 'रिव्यू' नहीं लिया। गेंदबाज या पंत ने इसके लिए कप्तान को कोई सलाह भी नहीं दी। रहीम तब छह रन पर खेल रहे थे और बाद में वह 60 रन बनाकर नाबाद रहे। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर सौम्या सरकार के खिलाफ पंत ने विकेट के पीछे कैच की अपील की जिसे अंपायर ने ठुकरा दिया। पंत ने रोहित पर 'डीआरएस' के लिए दबाव बनाया लेकिन 'रिव्यू' से स्पष्ट हो गया कि गेंद बल्ले से लगकर नहीं गई थी। दर्शकों ने भी 'धोनी-धोनी' की गूंज से पंत को गलती का अहसास कराया।

**एसबीईसी शुगर लिमिटेड**
CIN : L15421UP1991PLC019160
पंजी. कार्यालय : गांव लोयान मलकपुर, तहसील बड़ौत, बागपत यू.पी.
Email: investors@sbecsugar.com
Website: www.sbecsugar.com

**सूचना**

सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा अपेक्षाएं) नियमनों, 2015 के नियमन 47 के साथ पठित नियमन 29 के तहत एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अन्य बातों के अलावा 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु कम्पनी के अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार और अनुमोदन करने के लिये कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक बुधवार, 13 नवम्बर 2019 को आयोजित की जाएगी।
इस सूचना में निहित जानकारी कम्पनी की वेबसाइट अर्थात् (www.sbecsugar.com) और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट अर्थात् (www.bseindia.com) पर भी उपलब्ध है।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते एसबीईसी शुगर लिमिटेड
हस्ता/-
शोबित मेहरा
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 04.11.2019

ALCHEMIST
**अल्केमिस्ट लिमिटेड**
CIN- L72200DL1988PLC192643
पंजी. कार्यालय : 23, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019
Email- investors@alchemist.co.in
Website- www.alchemist.co.in
Phone No. 011-40600800,
Fax No. 011-40600888

**सूचना**

सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं डिस्क्लोजर आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 47 के साथ पठित नियमन 29 के तहत एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अन्य बातों के अलावा 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु कम्पनी के अअंकेक्षित स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों और अध्यक्ष की अनुमति से किसी अन्य व्यवसायिक मामले पर विचार करने और अनुमोदित करने के लिये कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक सोमवार, 11 नवम्बर 2019 को आयोजित की जानी निर्धारित है।
उक्त विवरण कम्पनी की वेबसाइट (www.alchemist.co.in) के साथ-साथ स्टॉक्स एक्सचेंजेज की वेबसाइट अर्थात् www.bseindia.com और www.nseindia.com पर देखा जा सकता है।
सभी पदनामित व्यक्तियों और उनके निकट सम्बन्धियों द्वारा रेगुलेट करने, मॉनिटर करने और ट्रेडिंग रिपोर्ट के लिये आचार संहिता के तहत ट्रेडिंग विंडो बंद होने की अवधि 01 अक्तूबर, 2019 से प्रारम्भ हो गई है और 14 नवम्बर 2019 को अर्थात् कम्पनी के अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों की घोषणा के 48 घंटे पश्चात् पुनः खुलेगी।

कृते अल्केमिस्ट लिमिटेड
दिनांक : 04.11.2019 हस्ता/-
स्थान : नई दिल्ली सुनील जैन
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

**अलंकित लिमिटेड**
CIN : L74900DL1989PLC03686
पंजी. कार्यालय : 205-208, अनारकली कॉम्पलैक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055
वेबसाइट : www.alankit.in

**सूचना**

हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि अन्य बातों के अलावा 30 सितम्बर 2019 को समाप्त द्वितीय तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु कम्पनी के अअंकेक्षित स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों पर विचार करने और ग्रहण करने के लिये अलंकित लिमिटेड के निदेशक मंडल की एक बैठक बुधवार, 13 नवम्बर 2019 को अप. 3.30 बजे 4ई/2, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055 में आयोजित की जानी निर्धारित है।

कृते अलंकित लिमिटेड
हस्ता/-
खुशबू अरोड़ा
कम्पनी सचिव
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 04.11.2019

**पहचान के लिए अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **एक अज्ञात व्यक्ति जिसका नाम अज्ञात, पुत्रः अज्ञात, पताः अज्ञात जोकि दिनांक 22.10.2019 को 17:32 बजे सुल्तानपुरी बस स्टैण्ड, इलेक्शन ऑफिस के पास, सुल्तानपुरी, दिल्ली पर मृत अवस्था में पाया गया है।** इस सन्दर्भ में **DD No. 33-A dated 22.10.2019** पुलिस थाना, सुल्तानपुरी, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे अज्ञात मृत व्यक्ति की पहचान दी गई है:

**नामः अज्ञात, उम्रः करीब 40 वर्ष, कदः 5'3", रंगः सांवला, पहनावाः हल्के लाल रंग गोल गले की बनियान और ग्रे पैन्ट।**


अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

थाना प्रभारी
पुलिस थाना, सुल्तानपुरी, दिल्ली
फोनः 011-25472166, 7065036122
DP/2835/OD/19

**गुमशुदा/अपहृत महिला की तलाश**



भारती



शिवम

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह महिला जिसका नाम भारती पत्नी मुकेश निवासी सी–8/286, सुलतान पुरी, दिल्ली **उम्र** : 39 साल, **कद** : 5'1", **चेहरा** : लम्बोतरा, **रंग** : गोरा, जिसने पीले रंग का सूट और सलवार पहने हुए है, अपने बेटे जिसका नाम **शिवम** : **उम्र** : 5 साल, सहित दिनांक 05.08.2019 से थाना सुलतान पुरी, दिल्ली के क्षेत्र से लापता/अपहृत है। इस संदर्भ में डीडी सं. 92–ए दिनांक 18.09.2019 थाना सुलतान पुरी, दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस गुमशुदा/अपहृत महिला व इसके बेटे के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें:–

ई–मेलः cic@cbi.gov.in
वेबसाईटः http://cbi.nic.in
फैक्सः 24368639,
दूरभाषः 24368638/24368641

थानाध्यक्ष : थाना सुलतान पुरी, दिल्ली
दूरभाष सं. 011-25472166, 25472410
DP/2775/OD/19

## खबर संक्षेप

### पाक अदालत ने मरियम को जमानत दी

**लाहौर।** पाकिस्तान की एक अदालत ने सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम शरीफ को धनशोधन के एक मामले में जमानत दे दी। लाहौर उच्च न्यायालय की दो सदस्यीय खंडपीठ ने चौधरी सुगर मिल्स धनशोधन मामले में मरियम को जमानत दी। न्यायमूर्ति अली बकर नजफी की अध्यक्षता वाली पीठ 31 अक्टूबर को इस मामले में फैसला सुनाएगी। मरियम ने 'गुणदोष और मानवीय आधार पर' जमानत के लिए अर्जी दी थी। उन्होंने कहा था कि वह अपने पिता की देखभाल करना चाहती हैं, जिनकी अवस्था 'गंभीर' है।

### पाक दूतावास ने काबुल में वीजा केंद्र बंद किया

**काबुल।** काबुल में पाकिस्तान दूतावास ने कहा कि वह अफगानिस्तान की राजधानी में अपने वाणिज्यिक कार्यालय को सुरक्षा कारणों से अनिश्चितकाल के लिए बंद कर रहा है। पाकिस्तान ने यह कदम ऐसे वक्त उठाया है जब हाल के दिनों में दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव बढ़ा है। वीजा प्रभाग का बंद होना कई अफगानिस्तानियों के लिये बड़ा झटका है क्योंकि रोजाना सैकड़ों लोग इलाज, सामान लाने-ले जाने और विश्वविद्यालयों में शिक्षा के उद्देश्य से वीजा के लिये आवेदन करते हैं। दूतावास के प्रवक्ता द्वारा रविवार को व्हॉट्सऐप पर साझा किये गए एक संदेश के मुताबिक वाणिज्यिक अनुभाग सोमवार से अगली सूचना तक बंद रहेगा।

### अफगानिस्तान में बम विस्फोट, आठ की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के उत्तर में स्थित बगलान प्रांत में सोमवार को एक बम विस्फोट में आठ नागरिकों की मौत हो गई। प्रांतीय पुलिस प्रमुख जावेद बशारत ने बताया कि बगलान की राजधानी पुली खुमरी के बाहर डंड शाहबुद्दीन क्षेत्र में हुए इस विस्फोट में छह लोग घायल भी हो गए हैं। बशारत ने बताया कि मरने वालों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। इस हमले की फिलहाल किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन जिस क्षेत्र में विस्फोट हुआ है वह तालिबान के कब्जे वाला है। गौरतलब है कि इस प्रांत पर तालिबान का नियंत्रण है और वह पुली खुमरी और इसके आस-पास के क्षेत्र में अफगान सुरक्षा बलों को निशाना बनाता रहता है।

## सरकार ने घरेलू हितों को देखते हुए किया किनारा

# दुनिया की सबसे बड़ी फ्री ट्रेड डील आरसीईपी में शामिल नहीं होगा भारत

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

पीएम मोदी आसियान सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए बैंकॉक गए हुए हैं। यहां पर 16 देशों के बीच व्यापार को लेकर होने वाले अब तक के सबसे बड़े व्यापार समझौते (आरसीईपी) से जुड़े पहलुओं पर भी भारत को बातचीत करनी थी। कहा जा रहा था कि इस पर भारत यहीं हस्ताक्षर कर सकता है लेकिन अब भारत ने इसपर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया है। साथ ही भारत ने यहां पर 'मोस्ट फेवर्ड नेशन' (एमएफएन) के दायित्वों की उपयोगिता पर भी सवाल खड़े किए हैं। क्योंकि इस नई व्यवस्था में भारत को रीजनल कॉमप्रिहैंसिव इकॉनमिक पार्टनरशिप (आरसीईपी) देशों को भी वही छूटें देनी होंगी, जो वह अन्य देशों को देता है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक भारत का पक्ष व्यावहारिकता और अपने गरीबों के हितों की रक्षा करने की जरूरतों और भारत के सेवा क्षेत्र को फायदा देने के प्रयासों का मिलाजुला परिणाम है। जबकि वह अलग-अलग सेक्टरों में वैश्विक कंपटीशन करने से घबरा नहीं रहा है।

सरकारी सूत्रों ने यह भी बताया है कि जब व्यापार से संबंधित मामलों में भारतीय वार्ताकार अंतरराष्ट्रीय शक्तियों के दबाव में आ जाया करते थे। इस बार भारत फ्रंटफुट पर खेला है, उसने व्यापार घाटे के संबंध में भारत की चिंताओं की चर्चा किए जाने पर जोर दिया है और देशों को भारतीय सेवाओं और निवेश के लिए अपने बाजार खोलने चाहिए इस बात पर बल दिया है।




### पीएम मोदी ने कहा, भारत अपने हितों से समझौता नहीं करेगा

समिट के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया कि भारत क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (आरसीईपी) में अपने हितों के साथ किसी तरह का समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि भारत यह देखेगा कि आरसेप समझौते में व्यापार, सेवाओं और निवेश पर उसकी चिंताओं को पूरी तरह से समायोजित किया जा रहा है या नहीं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत का स्पष्ट मानना है कि पारस्परिक रूप से लाभप्रद आरसेप, जिससे सभी पक्ष यथोचित लाभ प्राप्त करते हैं, वह भारत समेत वार्ता में शामिल अन्य देशों के हित शामिल है।

### समझौते में 16 देश होने थे शामिल

यह समझौता 10 आसियान देशों (दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संघ) और छह व्यापार देशों -भारत, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच होना था। आसियान देशों में ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, म्यांमार, सिंगापुर, थाइलैंड, फिलीपींस, लाओस और विएतनाम शामिल हैं।

### भारत, जापान ने हिंद-प्रशांत में सुरक्षा हालात की समीक्षा की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके जापानी समकक्ष शिंजो आबे ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बन रहे सुरक्षा हालात की सोमवार को समीक्षा की तथा क्षेत्र में शांति, समृद्धि और विकास के लिए तीसरे देशों में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति जताई। दोनों नेताओं ने पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन से इतर यहां बैठक की।



अधिकारियों ने बताया कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की सेना के तेजी से पैर पसारने और बढ़ते आर्थिक दबदबे का मुद्दा बैठक के दौरान प्रमुखता से उठा। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों प्रधानमंत्रियों ने नियम आधारित व्यवस्था के आधार पर मुक्त तथा समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। हालांकि, बातचीत का कोई विशिष्ट ब्योरा नहीं दिया गया।

**क्या है आरसीईपी?**

आरसीईपी एक ट्रेड अग्रीमेंट है जो सदस्य देशों को एक दूसरे के साथ व्यापार में सहूलियत प्रदान करता है। अग्रीमेंट के तहत सदस्य देशों को आयात और निर्यात पर लगने वाला टैक्स नहीं भरना पड़ता है या बहुत कम भरना पड़ता है। आरसीईपी में 10 आसियान देशों के अलावा भारत, चीन, जापान, साउथ कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यू जीलैंड भी शामिल हैं। यह अग्रीमेंट 3.4 लोगों के बीच समझौता है।

*इमरान के इस्तीफे की समयसीमा खत्म*

## प्रदर्शनकारी नेता ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के तेज-तर्रार धर्म गुरु एवं नेता मौलाना फजलुर रहमान ने प्रधानमंत्री इमरान खान के इस्तीफे के लिए अपने द्वारा तय की गई 48 घंटे की समयसीमा खत्म होने के बाद भविष्य की कार्रवाई पर चर्चा करने के लिए सोमवार को एक सर्वदलीय बैठक आहूत की है। देश की राजधानी में हजारों समर्थकों की मौजूदगी वाले 'आजादी मार्च' का नेतृत्व कर रहे जमीयत उलेमा ए इस्लाम फ़ज्ल (जेयूआई-एफ) के नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री को अपदस्थ करने का आंदोलन 'आगे बढ़ता रहेगा, इसे वापस नहीं लिया जाएगा।' रहमान ने शुक्रवार को खान को इस्तीफा देने के लिए दो दिन का अल्टीमेटम दिया था और कहा था कि 'पाकिस्तान के गोर्बाचोव' को शांतिप्रिय प्रदर्शनकारियों के धैर्य की परीक्षा लिए बिना पद से हट जाना चाहिए।



### कहा, जब तक खान इस्तीफा नहीं देते, तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा

इस 66 वर्षीय मौलाना ने कहा कि जब तक खान इस्तीफा नहीं देते, तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने खबर दी कि जेयूआई-एफ ने भविष्य की कार्रवाई को लेकर विपक्षी दलों के नेताओं के साथ चर्चा करने के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलाई है।

### प्रदर्शनकारियों ने कंटेनर को बनाया आशियाना

पाकिस्तान की राष्ट्रीय राजधानी के सेक्टर एच-9 में तीसरी रात बिताने के बाद जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल (जेयूआई-एफ) के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर आजादी मार्च के प्रदर्शकारियों और सहयोगी दलों को यह स्थान अब घर जैसा महसूस होने लगा है। इस्लामाबाद कैपिटल टेरिटरी एडमिनिस्ट्रेशन (आईसीटीए) ने उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्रों में सुरक्षा की दृष्टि से रास्त रोकने के लिए कंटेनरों को रखा था, प्रदर्शनकारी जिनका उपयोग रहने के लिए कर रहे हैं।

## 1100 भारतीय सिख श्रद्धालु पाक के गुरुद्वारा पंजा साहिब पहुंचे

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

भारत से एक हजार से ज्यादा सिख श्रद्धालु रविवार को पाकिस्तानी शहर हसन अब्दाल स्थित गुरुद्वारा पंजा साहिब पहुंचे। ये श्रद्धालु सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव की 550वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के तहत 'नगर कीर्तन' में शामिल होने के लिए यहां आए हैं। पंजाब प्रांत में गुरुद्वारे को रंगीन लाइटों से सजाया गया है। यहां आए तीर्थयात्रियों ने विभिन्न अनुष्ठान किए। डान अखबार की खबर के मुताबिक, विस्थापित संपत्ति न्यास बोर्ड (ईटीपीबी) के उप-सचिव धर्मस्थान इमरान गोंदल ने कहा कि 31 अक्टूबर को लुधियाना और अमृतसर के रास्ते वाघा से 11 सौ से ज्यादा सिखों ने सीमा पार की। सिख श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारा जन्मस्थान, ननकाना साहिब, गुरुद्वारा सच्चा सौदा फरूकाबाद और अन्य तीर्थस्थानों का दौरा किया। यह तीर्थयात्रा करतारपुर में गुरुद्वारा दरबार साहिब में संपन्न होगी जहां सोने की पालकी साहिब स्थापित होगी। गोंदल को यह कहते हुए उद्धत किया गया कि नगर कीर्तन के लिए करीब 1300 वीजा जारी किये गए थे।



■ श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारा जन्मस्थान, ननकाना साहिब, गुरुद्वारा सच्चा सौदा फरूकाबाद और अन्य तीर्थस्थानों का किया दौरा

### सऊदी अरब, यूएई से 2400 से ज्यादा पाकिस्तानी कैदी रिहा

**इस्लामाबाद।** सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की जेलों में बंद 2,400 से अधिक पाकिस्तानी कैदियों को पिछले एक साल के दौरान रिहा किया गया है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह बात कही गई। प्रवासी पाकिस्तानी और मानव संसाधन विकास मंत्रालय (ओपीएचईडी) के एक सूत्र ने रविवार को समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस ऑफ पाकिस्तान को बताया पाकिस्तान ने पीटीआई (पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ) सरकार के पहले साल के दौरान सऊदी अरब से 1,245 कैदियों और अमीरात से 1,200 कैदियों की रिहाई करवाई, जो अभूतपूर्व है। सूत्र ने कहा कि जब पीटीआई सरकार सत्ता में आई तो सऊदी जेल में लगभग 3,300 पाकिस्तानी कैद थे, जबकि 2,521 यूएई में जेल की सजा काट रहे थे।

## जम्मू में कड़ी सुरक्षा के बीच सचिवालय में कामकाज शुरू

एजेंसी ▶▶ जम्मू

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच लोक सचिवालय और सरकारी कार्यालय श्रीनगर से जम्मू स्थानांतरित हो गए और उनमें सोमवार से कामकाज शुरू हो गया। यह लगभग 150 साल पुरानी परंपरा है जिसमें गर्मियों में सरकारी कामकाज श्रीनगर से और सर्दियों में जम्मू से चलता है। इसे 'दरबार मूव' कहा जाता है। गौरतलब है कि 31 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दो केन्द्र प्रशासित क्षेत्र के रूप में अस्तित्व में आए और इसके बाद लोक सचिवालय का यह पहला स्थानांतरण है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल गिरीश चंद्र मुर्मू ने सुबह साढ़े नौ बजे लोक सचिवालय में पारम्परिक सलामी गारद का निरीक्षण किया। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन नहीं किया। वह इसके बजाय सीधे आधिकारिक कार्य शुरू करने के लिए सचिवालय चले गए। श्रीनगर में छह महीने तक कामकाज के बाद 25-26 अक्टूबर को सचिवालय और अन्य सरकारी कार्यालय बंद हो गए थे।



## हांगकांग में हमलावर ने नेता का कान चबाया

**हांगकांग।** हांगकांग में एक हमलावर ने कुछ लोगों पर चाकू से हमला किया और लोकतंत्र समर्थक एक नेता का कान चबा लिया। हमले में पांच लोग घायल हो गए जिनमें से दो की हालत बेहद नाजुक है। पिछले पांच महीनों से सरकार में सुधार की मांग को ले कर चल रहे प्रदर्शनों को रोकने के लिए दंगा रोधी पुलिस ने रविवार को कई मॉल पर दबिश दी। यह खूनी हमला हांगकांग के सिटीप्लाजा के व्यापारिक परिसर के बाहर हुआ। स्थानीय मीडिया के अनुसार हमलावर ने पीड़ितों से कहा कि हांगकांग चीन का हिस्सा है।

■ अन्य पर किया चाकू से हमला, पांच घायल




## ऊंट मेला...



पुष्कर में सोमवार को वार्षिक ऊंट मेले के दौरान सजाए गए ऊंट के साथ पारंपरिक पोशाक पहने पोज देती विदेशी पर्यटक।

*पूर्व डिप्टी गवर्नर आचार्य ने कहा*

## भारत सरकार को बड़ा विनिवेश कार्यक्रम चलाने की जरूरत

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व डिप्टी गवर्नर विरल आचार्य का मानना है कि भारत सरकार को बांड बाजार पर अपनी निर्भरता को कम करना चाहिए। आचार्य ने कहा कि भारत सरकार को एक बड़ा विनिवेश कार्यक्रम चलाने के साथ भूमि, श्रम और कृषि क्षेत्रों में तत्काल सुधार करने की जरूरत है। कोलंबिया विश्वविद्यालय में शुक्रवार को 'भारतीय अर्थव्यवस्था: अगले पांच वर्ष' विषय पर एक परिचर्चा में आचार्य ने आगे चलकर भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए कुछ संभावित उपायों और सुझावों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों के लिए मेरा प्रमुख सुझाव यह है कि हमें सावधानी से कुछ कम करने की जरूरत है।



■ कहा, भारत को बांड बाजार पर अपनी निर्भरता को कम करना चाहिए




*महाराष्ट्र में एक व्यक्ति ने ईमानदारी की पेश की मिसाल*

## जेब में सिर्फ तीन रुपये, बस स्टॉप पर पड़े 40 हजार रुपये लौटाए

एजेंसी ▶▶ पुणे

जेब में सिर्फ तीन रुपये हों और सामने 40 हजार रुपये पड़े मिल जाएं तो शायद अच्छे-भले आदमी का ईमान डोल जाए, लेकिन महाराष्ट्र में सतारा के धानजी जगदाले ने ऐसे हालात में भी अपना ईमान नहीं डिगने दिया और ईमानदारी की मिसाल पेश की। छोटे-मोटे काम कर किसी तरह गुजारा करने वाले 54 वर्षीय धानजी जगदाले ने दिवाली पर एक बस स्टॉप पर नकद मिले 40 हजार रुपये उसके असली मालिक तक पहुंचाए। जगदाले की इस ईमानदारी से प्रभावित होकर पैसों का मालिक उन्हें इनाम के तौर पर एक हजार रुपये देना चाहता था लेकिन खुद्दार जगदाले ने सिर्फ सात रुपये स्वीकार किए क्योंकि उनकी जेब में सिर्फ तीन रुपये थे और सतारा के मान ताकुला स्थित अपने पिंगाली गांव जाने के लिए बस के किराये के तौर पर उन्हें दस रुपये की जरूरत थी। जगदाले ने कहा कि मैं किसी काम से दिवाली पर दहिवाड़ी गया था और लौटकर बस स्टॉप पर आया। मुझें पास ही नोटों का एक बंडल मिला। मैंने आस-पास के लोगों से पूछा तभी मैंने एक परेशान व्यक्ति को देखा जो कुछ खोज रहा था। मैं जल्द ही समझ गया कि नोटों का यह बंडल उस शख्स का है। उन्होंने कहा कि उस व्यक्ति ने बताया कि बंडल में 40 हजार रुपये हैं। उसने वह रुपये अपनी पत्नी के ऑपरेशन के लिये रखे थे। वह मुझे एक हजार रुपये देना चाहता था लेकिन मैंने सिर्फ सात रुपये लिये क्योंकि मेरे गांव तक का बस का किराया 10 रुपये था जबकि मेरी जेब में सिर्फ तीन रुपये पड़े थे।



■ पैसों के मालिक ने प्रभावित होकर दिए एक हजार, वो भी लेने से मना किया

### कहा, किसी का रुपया लेने से संतुष्टि नहीं आती

इस वाकये के सामने आने के बाद सतारा के भाजपा विधायक शिवेंद्रराजे भोसले, पूर्व सांसद उदयनराजे भोसले और कई अन्य संगठनों ने जगदाले का सम्मान किया। यद्यपि उन्होंने नकद पुरस्कार लेने से मना कर दिया। जिले की कोरेगांव तहसील के मूल निवासी और फिलहाल अमेरिका में रह रहे राहुल बर्गे ने जगदाले को पांच लाख रुपये देने की पेशकश की थी लेकिन उन्होंने इसे भी विनम्रतापूर्वक ठुकरा दिया। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि किसी का रुपया लेने से संतुष्टि नहीं आती। मैं सिर्फ यही संदेश फैलाना चाहता हूं कि लोगों को ईमानदारी से रहना चाहिए।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सतवीर सिंह कटारिया द्वारा इंडियन एक्सप्रैस, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109